## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल से पुलिस अफसरों की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में भारतीय पुलिस सेवाएं (आईपीएस) परिवीक्षाधीन (प्रोबेशनर) अधिकारी रविनंदन और शुमैला चौधरी ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज की आशाएं उनसे जुड़ी हुई हैं और उन्हें जन सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। लोग वर्दी को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। उन्हें समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए नशा मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रोहड़ू में तीन युवकों से पकड़ा 13 ग्राम चिट्टा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** चिडगांव पुलिस ने पैट्रोलिंग के दौरान मांदली में तीन युवकों से 13 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों की पहचान प्रवीण चौहान उर्फ गोल्डी (28) निवासी डिस्वाणी, रीतिक राठौर (24) निवासी डोडरा व विवेक (21) निवासी बरशील के रूप में हुई है। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत उक्त तीनों पर मामला दर्ज किया गया है।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** शेगली से पतलीकूहल की तरफ आ रही एक कार (एचपी 38 बी 5876) जीरो प्वाइंट पर 60 फीट गहराई में गिर गई जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई । जानकारी अनुसार शेगली से पतलीकूहल की तरफ एक कार आ रही थी जिसमें 2 लोग सवार थे, जिनकी पहचान सेस राम पुत्र चमन लाल गांव सोखनी डाकघर बड़ाग्रां और सुख राज पुत्र बल राज गांव दारछा डाकघर बड़ाग्रां के रूप में हुई है। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से पतलीकूहल स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां से सेस राम को कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल में रेफर कर दिया। उपचार के दौरान सेस राम ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी रजत शर्मा ने इस की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)



### बिना लाइसेंस दवाइयां बेचने पर 50 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं के लुहारवीं में एक व्यक्ति को बिना ड्रग लाइसेंस के एलोपैथी दवाइयां बेचना महंगा पड़ा। इस मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए अदालत ने 50 हजार रुपए जुर्माने और अदालत उठने तक की सजा सुनाई है। इस मामले की पैरवी करने वाले जिला न्यायवादी चंद्रशेखर भाटिया ने बताया कि आरोपी लुहारवीं में लोक मित्र केंद्र के नाम पर एलोपैथी की दवाइयां भारी मात्रा में बेच रहा था। ड्रग इंस्पेक्टर निशांत सरीन ने 20 अप्रैल, 2016 को इस दुकान का निरीक्षण किया था। उस समय आरोपी ने अपनी दुकान के काउंटर में काफी मात्रा में एलोपैथी दवाइयां रखी थीं। आरोपी उस समय संबंधित दवाइयों को बेचने के लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज पेश नहीं कर पाया था। आरोपी ने कालेज चैक बिलासपुर में दवाइयों के होलसेल का एक लाइसेंस पेश किया, लेकिन दवाइयां बेचने का लाइसेंस पेश नहीं कर पाया। जिस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने उसके द्वारा रखी गई सारी दवाइयों को सीज कर दिया था, जिसके बाद मामला न्यायालय में चला। न्यायालय ने आरोपी चमन लाल निवासी लुहारवीं को दोषी करार देते हुए ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अदालत उठने तक की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना किया है।



### 9 किलो 70 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर पुलिस को चरस की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस थाना भुंतर की टीम जब नव दुर्गा स्टोन क्रशर हुरला के पास गश्त पर थी, तो उस समय दो लोगों को शक के आधार पर तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान दो लोगों के कब्जे से 9 किलो 70 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपियों की पहचान डीने राम (30 वर्ष) पुत्र बाजे राम निवासी नौण डाकघर ब्रैहिन तहसील सैन्ज जिला कुल्लू व ईशर सिंह (30 वर्ष) पुत्र चेत राम निवासी पूखरी डाकघर ब्रैहिन तहसील सैन्ज जिला कुल्लू के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।



### भाजपा हिमाचल प्रदेश विरोधी पार्टी : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अर्की से कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा हिमाचल प्रदेश विरोधी पार्टी है। पहले भाजपा का नारा था, स्टेटहुड मारो ठुड और अब इनका नया नारा है प्रदेश के हितों को मारो ठुड। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भाजपा के नेता सत्ता के लालच में राजनीतिक दिवालियापन का शिकार हो चुके हैं तथा उन्हें आज न प्रदेश के लोगों की चिंता है और न ही राज्य के हितों की। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल जयराम ठाकुर सत्ता में रहते हुए सोए रहे और प्रदेश हितों की अनदेखी की तथा कोई काम नहीं किया। भाजपा ने पूरे 5 साल राज्य के लोगों को डबल ईंजन की सरकार का हवाला देकर बरगलाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश के हितों की कोर्ट में ठीक ढंग से पैरवी नहीं की थी तथा अब कोर्ट के फैसलों को बेवजह तूल दे रहे हैं तथा जनता का बरगला रहे हैं। जयराम ठाकुर को मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन्हें प्रदेश के लोगों के हित में जो काम करने चाहिए थे, वह किए नहीं और अब हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े हिमायती बनने का प्रयास कर रहे हैं।

# सुक्खू सरकार मनाएगी 2 साल का जश्न, विक्रमादित्य को जानकारी नहीं!

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार में कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बड़ा बयान दिया है। सरकार के दो साल पूरे होने के जश्न के बारे में कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह को जानकारी नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार के जश्न के बारे में फिलहाल, उन्हें मीडिया के जरिए जानकारी मिली है। शिमला में विक्रमादित्य सिंह मीडिया से बात कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने होटल मुद्दे पर घिरी सरकार का पक्ष रखा और अपनी सरकार का बचाव किया, हालांकि, एक बयान की वजह से सीएम सुक्खू और उनके बीच खटपट को फिर से हवा दे दी। दरअसल,



हिमाचल प्रदेश के 18 सरकारी होटलों को बंद करने के मामले पर लगातार सियासत हो रही है। इस पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ये बताएं कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति को दुरस्त करने के लिए आपने कौन से कदम उठाए। मंत्री ने इस दौरान कहा कि जेपी नड्डा वरिष्ठ नेता है, उन्हें तथ्यहीन बयानबाजी नहीं करनी चाहिए और उन्हें बताना चाहिए कि किस आधार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हम एहसान फरामोश नहीं हैं और हमने केंद्र से मिली मदद के लिए धन्यवाद किया है। ऐसे में जेपी नड्डा सहयोग करें, क्योंकि प्रदेश के विकास के लिए काम करने की ज़रूरत है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के 2 साल का जश्न होना है और इस बारे में उन्होंने औपचारिक जानकारी नहीं मिली, लेकिन निश्चित तौर पर वह भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

### 11 दिसंबर को दो साल होंगे पूरे

हिमाचल प्रदेश में 11 दिंसबर को सुक्खू सरकार के 2 साल का कार्यकाल पूरा होने जा रही है। इस दौरान बिलासपुर में सरकार जश्न मनाएगी और आयोजन करेगी। इस आयोजन में मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के शामिल होने के अनुमान है।

### होटल विवाद पर बोले- सरकार कानूनी राय लेगी

होटल विवाद पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार कानूनी राय लेगी और अपना पक्ष रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के अधिकार क्षेत्र के निर्णय भी अगर न्यायालय करेगा तो सरकार क्या करेगी। कुछ चीजें सरकार के अधिकार क्षेत्र में ही रहनी चाहिए। न्यायपालिका लोकतंत्र का तीसरा स्तंभ, लेकिन जो सरकार के अधिकार क्षेत्र का है उसे सरकार ही करे, तो बेहतर रहेगा। विक्रमादित्य सिंह बोले कि उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान है, लेकिन आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट या डबल बेंच के सामने चुनौती देने का रास्ता खुला हुआ है।

# भ्रष्टाचार की परतें उघड़ने लगी तो कांग्रेस सरकार की सांसें भी रुकने लगी : जयराम

## कहा, ऐसे हालात में सरकार आखिर किस बात का जश्न मना रही है, जब हर ओर है निराशा का आलम

**अनिल शर्मा, मंडी**

भ्रष्टाचार की परतें उघड़ने लगी तो कांग्रेस सरकार की सांसें भी अब रुकने लगी है। बहुत जल्द यह सरकार इनके मुखिया और उनके मित्रों के कारनामों की वजह से ही बेनकाब होगी। मंडी में यह आरोप पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लगाए। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं है जिस दिन देशभर में इस झूठी सरकार की किरकिरी नहीं हो रही है। ये सब इनके अपने कारनामों की वजह से हो रहा है। इसमें भाजपा और मुझे दोष देने से कांग्रेस नेता बाज आएं। इनके नेता कह रहे हैं कि हमने हिमाचल के बारे में महाराष्ट्र और झारखंड में गलत प्रचार किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी ने झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता हथियाई और ये झूठ का मॉडल अन्य राज्यों में भी सत्ता में आने के लिए आजमाना चाहा, लेकिन इन्हें सफलता नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने गलत निर्णयों की वजह से बदनाम हो रही है, जिस पर मंथन करने के बजाए इनके नेता भाजपा को कसूरवार ठहरा रहे हैं, जो हास्यास्पद है। हमारा काम आजकल सरकार के हर गलत निर्णय का विरोध करना है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, साथ हैं अन्य।

**खास मित्रों को पहुंचाया जा रहा फायदाः** जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी पर्यटन निगम के होटलों को लेकर जो हाईकोर्ट का फैसला आया है, उसको लेकर भी सरकार की मंशा में खोट दिखाई दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार ने जानबूझकर इस मामले को कमजोर कर कुछ खास मित्रों को फायदा पहुंचाने का खाका तैयार किया है। इसकी तैयारी कई दिनों से चल रही है, ताकि इन बड़े होटल यूनिट्स को प्राइवेट सेक्टर में चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने दो साल के अल्पकाल में ही भ्रष्टाचार के इतने सारे रिकॉर्ड तोड़ कर रख दिए हैं। सवाल उठता है कि ऐसे हालात में कांग्रेस सरकार आखिर किस बात का जश्न मना रही है जब हर ओर निराशा का आलम है। गारंटियों के सहारे मुख्यमंत्री आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन जनता इनकी सच्चाई जान चुकी है।

# सियोल पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार शुक्रवार 12:30 बजे अपराह्न जापान की राजधानी टोक्यो से दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे। गौरतलब है कि सिडनी में आयोजित 67वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन में भाग लेने के उपरांत कुलदीप सिंह पठानिया अध्ययन प्रवास पर बने हुए है।



उनके साथ विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी सियोल पहुंच गए है जबकि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए टोक्यो से नई दिल्ली पहुंच गए है।

इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड तथा जापान देशों का अध्ययन प्रवास कार्यक्रम पूरा कर चुके है। कुलदीप सिंह पठानिया 23 से 25 नवंबर तक दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के अध्ययन प्रवास पर रहेंगे। कुलदीप पठानिया सियोल में जहां कई रमणीय स्थलों का दौरा करेंगे वहीं भारतीय समुदायों के लोगों के साथ भी संवाद करेंगे। पठानिया सियोल के कई औद्योगिक केन्द्रों का भी दौरा करेंगे। सियोल दक्षिण कोरिया का सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनितिक केंद्र है।

**विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार स्वदेश लौटे**

सियोल आगमन से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 19 से 21 नवंबर तक जापान की राजधानी टोक्यो के अध्ययन प्रवास पर थे जहां उन्होंने एदो गावा स्थित भारतीय दूतावास का दौरा कर भारत तथा जापान के युवाओं के बीच छात्रवृति के जरिए सांस्कृतिक संबद्धो को कैसे मजबूत किया जाएं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राजदूत तथा दूतावास अधिकारियों के साथ चर्चा की।

# हताश और निराश है हिमाचल की कांग्रेस सरकार : अनुराग ठाकुर

## कहा-राहुल जितना कीचड़ उछालेंगे, कमल उतना ही खिलेगा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने हमीरपुर कार्यालय पर स्थानीय निवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समास्याओं की सुनवाई की। संसदीय क्षेत्र के जिला हमीरपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा कमेटी की बैठक के दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों पर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इसके समुचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बाद में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार हताश और निराश है। सीपीएस का मामला कोर्ट में है और न्यायालय के जो निर्देश होंगे, वह सब को सर्वमान्य होंगे।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि जो नियुक्तियां थीं वह असंवैधानिक तौर पर थीं। नियमों के अनुसार नहीं थीं। राज्य के सरकार के करोड़ों रुपए इन सीपीएस की नियुक्तियों पर लगाए गए। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर सरकारी कर्मचारी अपने डीए के लिए भाग रहे हैं। पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल पा रही।



अपने कार्यालय में जन समस्याएं सुनते सांसद अनुराग ठाकुर।

आम जनता के ऊपर कभी बिजली के दाम बढ़ा दिए, कभी पानी पर सर चार्ज लगा दिया। कभी पैट्रोल डीजल के दाम बढ़ा दिए। अब और तो और कई ऐसे अनेक निर्णय प्रदेश सरकार के हैं, जिसके कारण दिखता है कि सरकार में हताशा और निराशा पूरी तरह से है।

कांग्रेस सरकार अपने 2 वर्ष का कार्यकाल मनाने वाली है, लेकिन इनके अपने ही सरकार के मंत्रियों को ही जानकारी नहीं है। अगर कोई इनकी नाकामी पर सवाल खड़ा करता है तो इसका गुस्सा ये मीडिया कर्मियों पर भड़क कर निकालते हैं। ये सरकार न जनभावनाओं पर, न ही अपने वादों पर खरी उतर पाई। (अनंत ज्ञान)

# समय का सदुपयोग सुनिश्चित बनाएं छात्र : डॉ . शांडिल

## सकोड़ी व कल्होग में 2.60 करोड़ के लोकार्पण एवं शिलान्यास



**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि समय अनमोल है और छात्रों को अपने एक-एक पल का सदुपयोग करना चाहिए।

डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की पीएम श्री राजकीय उच्च विद्यालय सकोड़ी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग में वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत सकोड़ी में 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित कॉमन सर्विस सेंटर तथा डिजिटल साक्षरता केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने 2.25 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग के विद्यालय भवन की आधारशिला भी रखी।

उन्होंने सकोड़ी स्कूल के अतिरिक्त भवन व खेल मैदान का प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सकोड़ी विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए तथा कल्होग विद्यालय में 31 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

डॉ. शांडिल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग स्कूल में चार दीवारी निर्मित करने के लिए प्रथम किश्त के रूप में 3 लाख रुपए देने की घोषणा की।




**वॉटर इमरजेंसी** | पहली बार गोबिंदसागर झील में आपातकाल स्थिति के बताए जा रहे हैं गुर

# बिलासपुर पुलिस को दिया जा रहा तैराकी का प्रशिक्षण

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस प्रशासन अपने जवानों को अब वॉटर इमरजेंसी में भी बचाव कार्य के लिए तैयार कर रही है। पहली बार पुलिस के जवान गोबिंगसागर झील में स्वीमिंग से लेकर आपातकाल स्थिति में बचाव कार्य का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

अगर भविष्य में किसी भी तरह से वॉटर इमरजेंसी होती है तो पुलिस के जवान एनडीआरएफ के साथ मिलकर अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगे। जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक द्वारा जिला में शुरू की गई वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी के बाद पुलिस प्रशासन ने पुलिस जवानों को इस तरह का प्रशिक्षण देना शुरू किया है। क्योंकि बिलासपुर जिला का अधिकतर भाग गोबिंदसागर झील के तहत आता है।



फाइल फोटो

कई बार इस झील में कई तरह की आपातकाल स्थिति पैदा हो जाती है, जिसके चलते प्रशासन को एनडीआरएफ का सहारा लेना पड़ता है, ऐसे में अब अगर पुलिस जवान इस वॉटर इमरजेंसी के लिए तैयार हो जाएंगे तो पुलिस प्रशासन भी इस तरह की परिस्थितियों से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार होगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में पुलिस के जवानों को दिया जा रहा प्रशिक्षण में पुलिस जवान, होमगार्ड जवान सहित रेडकॉस के स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण में वॉटर स्पोर्ट्स के मुख्य अधिकारी मौजूद हैं, जो इन्हे प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इस कैंप में डूबते हुए व्यक्ति को पानी से कैसे निकालना, बाढ़ आने की स्थिति में कैसे लोगों को बचाया जा सके सहित आपातकाल

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

स्थिति में मोटर बोट का सही प्रयोग व अन्य कई प्रकार की गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही इन कैंप में जवानों को स्वीमिंग के गुर भी बताएं जा रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि पुलिस के जवानों को इस तरह की बिलासपुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा हो।

इससे पहले पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस जवानों को ऐसा प्रशिक्षण बिलासपुर में नहीं दिया गया था। आपको बता दें कि बिलासपुर जिला इन दिनों पूरे प्रदेशभर में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी को लेकर काफी प्रचलित हुआ है। ऐसे में यहां पर प्रतिदिन काफी तादाद में पर्यटक व स्थानीय लोग इस वॉटर स्पोर्ट्स का आनंद लेने के लिए यहां पर पहुंच रहे हैं। हालांकि अभी तक यहां पर कोई भी ऐसी आपातकाल वाली स्थिति पैदा नहीं हुई है, परंतु अगर भविष्य में कभी भी ऐसा कुछ होता है तो पुलिस प्रशासन बिलासपुर इससे निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगा।

> बिलासपुर पुलिस के जवान गोबिंदसागर झील में वॉटर इमरजेंसी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन शिविर में पुलिस, होमगार्ड सहित रेडकॉस के स्वयंसेवी मौजूद हैं। वॉटर इमरजेंसी के दौरान बिलासपुर पुलिस के जवानों को तैयार किया जा रहा हैं। -**शिव कुमार चौधरी, एएसपी बिलासपुर**



## न्यूज ब्रीफ

### जीएवी कांगड़ा का विराज गौतम खेलेगा नेशनल



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा का विराज गौतम अंडर-14 हैंडबाल के नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगा। शुक्रवार को प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने आशीर्वाद देकर विराज को महासमुंद छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया। विराज ने इंदौरा में जिला टूर्नामेंट में बढ़िया खेल का प्रदर्शन कर स्टेट के लिए क्वालीफाई किया था। बिलासपुर में हुए स्टेट टूर्नामेंट में भी उसकी परफॉर्मेंस बहुत अच्छी रही और सिलेक्टर्स ने उसे नेशनल टूर्नामेंट के लिए चुना।नेशनल के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों का हमीरपुर में 7 दिन कैंप लगा और उसके बाद सभी खिलाड़ी नेशनल खेलने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निकटवर्ती क्षेत्र महासमुंद के लिए ऊना से रवाना हो गए। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने बताया कि जीएवी से हर साल 3 से 5 खिलाड़ी नेशनल में शिरकत कर रहे हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है और हमारे स्कूल का नाम रोशन करते आए हैं। हैंडबॉल कोच दिनेश ने बताया कि इस बार सभी खेलों में जीएवी ने परचम लहराया है।

### ढलियारा कॉलेज ने रोड सेफ्टी पर निकाली रैली



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा नियम जागरूकता रैली का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियम पालन हेतु शपथ दिलवाई गई। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अंजू आर. चौहान ने झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विद्यार्थियों को रैली के लिए रवाना किया।क्लब के छात्र नेता विशाल तथा छात्र नेत्री शिल्पा के नेतृत्व में रैली महाविद्यालय परिसर से होते हुए ढलियारा बाज़ार से पुनः वापस महाविद्यालय परिसर पहुंची, जहां रैली में सम्मिलित समस्त छात्र- छात्राओं को जलपान उपलब्ध करवाया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य डॉ. वंदना राणा, डॉ. विकास धीमान, डॉ. आरती कौशल, प्रो. जगदीप, प्रो. पूजा राजपूत, प्रो. प्रिया उपस्थित रहे।

### लग बलियाना स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लग बलियाना में शुक्रवार को वार्षिक को पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य गोविंद की अध्यक्षता में आयोजित हुए समारोह में बतौर चीफ गेस्ट हरियाणा बिजली बोर्ड से रिटायर्य एसडीओ रामजी दास ने शिरकत की। समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकम कर मौजूद लोगों को वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंत में चीफ गेस्ट ने तमाम होनहार छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व इनाम बांट कर सम्मानित किया।

### हार-चेलियां मार्ग एक माह के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, जवाली।** उपमंडल जवाली के अधीन पड़ते हार-चेलियां मार्ग पर निर्माणकार्य के चलते 23 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर तक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालक हार-कैहरियां-ताहलियां-हरियां-कुठेड़ मार्ग से आवागमन कर सकेंगे। यह जानकारी एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने दी।

# साढ़े 8 करोड़ से पपरोला से जुड़ेगा आलमपुर

## आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने पूजा-अर्चना कर पुल के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर निर्वाचन क्षेत्र के पपरोला से आलमपुर को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य की पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने पूजा अर्चना के साथ इसका शुभारंभ करवाया। पपरोला में लोगों को संबोधित करते हुए यादविंद्र गोमा ने पुल निर्माण कार्य की बधाई दी और कहा कि यहां पुल के निर्माण से लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूर्ण होंने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भारी वर्षा के कारण पपरोला को आलमपुर से जोड़ने वाला न्यूगल नदी पर बना पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया था।



मंत्री यादविंद्र गोमा का स्वागत करते विभाग के अधिकारी व स्थानीय लोग।



पूजा-अर्चना कर पुल के निर्माण कार्य को आरंभ करवाते मंत्री यादविंद्र गोमा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं इलाके का दौरा कर लोगों की तकलीफ को समझा और पुल निर्माण कार्य को मुख्यमंत्री प्राथमिकता में डलवाया और इसके लिये धनराशि उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि सभी औपचारिकता पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री ने जयसिंहपुर विधान सभा के दौरे में इस पुल निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस पुल निर्माण के लिये संवेदनशील हैं इसका पता इस बात से चलता है कि मुख्यमंत्री लगातार, उनसे इस पुल के कार्य के बारे में पूछते हैं और अधिकारियों को इसके समयबद्ध निर्माण के आदेश दिए गए हैं।

गोमा ने कहा कि न्यूगल नदी पर साढ़े 8 करोड़ की लागत से बनने वाले इस पुल की लंबाई 95 मीटर होगी। पुल के निर्माण से पपरोला के अतिरिक्त भेड़ी, कूण, लाहड़ू, औच और भूलंधर के हज़ारों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से दोनों क्षेत्रों की दूरी करीब 7 किलोमीटर कम होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए 31 मार्च से पूर्व अतिरिक्त 2 करोड़ रुपए मुहैया करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूरा कर पपरोला को आलमपुर से सड़क सहित जोड़ा जाएगा।

### क्षेत्र के हर गांव को सड़क से जोड़ना प्राथमिकता

**आयुष** मंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि संपर्क सड़क के विस्तार के लिए भी सहयोग दें, ताकि पुल के साथ-साथ अच्छी सड़क का निर्माण भी हो सके। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में गंभीरता से कार्य किया जा रहा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से वर्तमान में करीब 50 करोड़ से सड़कों और भवनों इत्यादि के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर में लगभग 40 किलोमीटर सड़क पर टारिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य का 99 प्रतिशत है। इस अवसर पर सुंदेंद्र राणा, पूर्व प्रधान राजेंद्र बलिया अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय वर्मा, बीडीओ सिकंदर कुमार, नायब तहसीलदार राजीव शर्मा सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा लोग उपस्थित रहे।

# बिना कागजात के हिमाचल से पंजाब जा रहा लकड़ी से भरा ट्रैक्टर पकड़ा

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

हिमाचल प्रदेश के वन विभाग इंदौरा में लगातार पंजाब हिमाचल सीमा होने के चलते वन माफिया मोटे मुनाफे के चलते काफी सर्किय है। लगातार विभाग द्वारा भी इस पर कार्रवाई की जा रही है परंतु वन माफिया के लोग अलग-अलग रास्तों से हिमाचल की वन संपदा के पेड़ों को गैरकानूनी तौर पर काटकर पंजाब में बेच रहे हैं यहां एक तरफ यह कुछ वन माफिया के लोग मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हिमाचल की संपदा को भी काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

रेंज ऑफिसर भद्रोआ अभिनव ठाकुर ने जब पठानकोट जालंधर मार्ग पर तोकी बैरियर पर के पास नाका लगाया हुआ था तथा नाके के दौरान एक ट्रैक्टर बिना कागजात के लकड़ी लेकर पंजाब की तरफ जा रहा था, जिसको रोकना पर उसने अपना ट्रैक्टर काफी तेज भगाया परंतु वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा उसे कड़ी में मुश्कत के



बाद रोक लिया तथा उसे वन विभागभद्रोया में लाया गया जिस पर पाया गया कि वह गैर कानूनी तौर पर यह लकड़ी गांव ठठोली से लेकर पंजाब के होशियारपुर में लेकर जा रहा था परंतु उसके पास कोई दस्तावेज न होने के चलते उक्त ड्राइवर पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर दिया गया है।

डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने बताया की लगातार शिकायतें आ रही हैं कि वन संपदा को वन माफिया के लोग नुकसान पर जा रहे हैं, जिसके तहत अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने नंदपुर भटोली में सुनीं जनसमस्याएं, कहा–

# अगली बरसात से पहले बन जाएगा नंद नाला पुल

**अनंत ज्ञान, देहरा**

विधानसभा उपचुनाव के दौरान देहरा के विकास को लेकर जो भी प्राथमिकताएं प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा रखी गई थीं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। देहरा के समग्र विकास को लेकर जो खाका प्रदेश सरकार द्वारा तैयार किया गया है, उसके अनुरूप विभागों को कार्य करने के निर्देश दे दिए गए हैं। देहरा विधानसभा क्षेत्र के नंदपुर भटोली में शुक्रवार को जनता से रूबरू होते हुए क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि चाहे बनखंडी में 300 करोड़ की लागत से बनने वाला जूलॉजिकल पार्क हो या पौंग क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को



नंदपुर भटोली में लोगों की समस्याएं सुनतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

विकसित करने की परियोजना, सरकार हर कार्य को तेज गति से आगे बढ़ा रही है। देहरा में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य के बीएमओ कार्यालय सरकार द्वारा खोला गया है। इसके अलावा देहरा अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना भी प्रदेश सरकार कर रही है। विधायक ने पौंग बांध विस्थापितों की समस्या को सुनते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक महीने पहले ही राजस्व मंत्री और अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक कर आपकी समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिए हैं। अगली बरसात से पहले नंद नाला पुल का काम भी पूरा कर लिया जाएगा जिससे लोगों को आने जाने में समस्या नहीं होगी। उन्होंने नंदपुर भटोली की डिस्पेंसरी की मरम्मत करने की बात भी कही। इस दौरान कमलेश ठाकुर ने विस्तार से लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान किया तथा अधिकारियों को भी जनसमस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ देहरा सनी वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेश वालिया, तहसीलदार हरिपुर सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा, इंद्रजीत, प्रधान ग्राम पंचायत नंदपुर भटोली तृप्ता देवी, उप प्रधान शिवेंद्र सिंह, वार्ड मेंबर अजू, विपिन, सरिता, रीना दारोच, सुरेश शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पठियार में 25 को लगेगा जन जागरूकता मंच

**नगरोटा बगवां।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 25 नवंबर को पठियार गांव में जन जागरूकता मंच का आयोजन किया जाएगा। जागोरी द्वारा पिछले कई सालों से अलग-अलग ब्लॉक कांगड़ा, रैत, चंबा में इस तरह का मंच लोगों को मुहिया करवाया जाता है जिसके तहत लोग अपनी निजी व अपनी पंचायत की समस्याओं को सरकारी अधिकारियों के सामने उजागर करते है। इस कार्यक्रम में सरकारी विभागों के कई उच्च अधिकारी मौजूद रहेंगे। इन विभागों में एसडीम कार्यालय, वीडियो कार्यालय, जल विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एग्रीकल्चर हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। लोगों से आग्रह किया है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। यह जानकारी जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट की मंजू कुमारी ने दी।

# वन विभाग ने शहीद के घर का रास्ता किया बंद

## ग्रामीणों में आक्रोश, ऑपरेशन ब्लू स्टार में शहीद हुए खोवा गांव के प्रकाश चंद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

यूं तो शहीदों के नाम पर कई घोषणाएं होती हैं, लेकिन इन घोषणाओं की हकीकत कुछ और ही है। कुछ ऐसा ही मामला नगरोटा बगवां उपमंडल के तहत खोवा पंचायत में सामने आया है। इस पंचायत में अमर शहीद प्रकाश चंद के घर को जाने वाला रास्ता वन विभाग ने रोक दिया है।

करीब चार दशक पहले प्रकाश चंद साल 1984 में आपरेशन ब्लू स्टार में शहीद हुए थे। खोवा पंचायत के पालरा गांव के बड़े बजुर्गों को अब भी याद है कि उस समय कहा गया था कि शहीद के घर तक सरकार सहूलियत देगी। चार

- **एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू बोले, यह शहादत का अपमान**
- **25 परिवार परेशान, सरकार से जल्द कदम उठाने की मांग**

दशक में सरकारें पक्का रास्ता तो नहीं बना पाई, लेकिन शहीद प्रकाश चंद के घर के लिए बना कच्चा रास्ता ही अब वन विभाग ने बंद कर दिया है। शुक्रवार को जैसे ही लोगों को रास्ते को बंद करने की जानकारी मिली, तो यहां हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने इस बात पर कड़ा रोष व्यक्त किया कि आखिर रास्ते को क्यों बंद किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों केवल ठाकुर, तरसेम मेहता, शशि, मोनिका, कविता, मीनाक्षी, अनीता, कृष्णा देवी, श्रीदेवी, बलदेव, आशा कुमारी, रचना देवी, सुनील कुमार, राजकुमार, कमलेश कुमार, शेर सिंह, तारो देवी, राजेंद्र मेहता आदि ने कहा कि रास्ता बंद होने से 25 परिवारों को आवागमन कठिन हो गया है। प्रदेश सरकार को जल्द इस रास्ते को खुलवाना चाहिए। स्थानीय नंबरदार, समाजसेवी व एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि वह इस मामले को जिलाधीश कांगड़ा से उठाएंगे।

### बड़ोह सरोत्री में 26 को होगा कैंपस इंटरव्यू

**नगरोटा बगवां।** राजकीय प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह सरोत्री में 26 नवंबर को एक बार फिर युवाओं को रोजगार मिलेगा। 26 नवंबर को श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पीठरोड़ी राजस्थान द्वारा ऐसीटीआई बड़ोह में कैंपस इंटरव्यू लिए जाएंगे। इस इंटरव्यू ने फिटर, इलेक्ट्रिशियन, एमएमवी, टर्नर, मैकेनिस्ट,वेल्डर आदि ट्रेड के पास कर चुके अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त नॉन आईटीआई दसवीं और जमा दो पास को भी रोजगार का मौका मिलेगा। इंटरव्यू के लिए उम्र 18 से 30 होना आवश्यक है। संस्थान की प्रधानाचार्य बंदना और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ऐसी टी आई पास युवाओं को 14,430 रुपए मासिक वेतन ओर नॉन आईटीआई को 14,130 रुपए वेतन दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि 9418108486 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मल्टी पर्पज वर्कर्स के 15 पदों के लिए 47 ने दिया इंटरव्यू



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जलशक्ति विभाग मंडल फतेहपुर द्वारा मल्टी पर्पज वर्कर्स के 15 पद भरे जा रहे हैं। इनके लिए शुक्रवार को विभागीय मंडल कार्यालय में इंटरव्यू आयोजित किए गए। जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा मल्टी टास्क वर्कर्स के 15 पद भरे जा रहे हैं। इसके लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित करते हुए मेरिट के हिसाब से 47 आवेदकों को कॉल लेटर भेजे थे। उन्होंने बताया कि उक्त इंटरव्यू व कुछ दिन पहले लिए गए पैरा पंप ऑपरेटर व पैरा फिटर के इंटरव्यू का परिणाम जल्द ही एक साथ घोषित कर दिया जाएगा। वहीं इंटरव्यू देने जगनोली व लारथ से पहुंचे आयुष, पुष्प व अन्य ने बताया कि वे पहली बार इंटरव्यू देने पहुंचे हैं।

# जीजीडीएसडी कॉलेज में शुरू होगा हाइब्रिड ट्रेनिंग प्रोग्राम इन प्रोफेशनल एज



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, राजपुर (पलमपुर) में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। कॉलेज में एनआईआईटी फाउंडेशन और इंफोसिस जैसी प्रसिद्ध आईटी कंपनियों के सहयोग से 'हाइब्रिड ट्रेनिंग प्रोग्राम इन प्रोफेशनल एज' पहली बार शुरू किया जा रहा है और जीजीडीएसडी महाविद्यालय को यह अवसर मिला है। करियर में सफलता के लिए आवश्यक कौशल जैसे कम्युनिकेशन, टीम वर्क, प्रॉब्लम सॉल्विंग, प्रोफेशनल एटिक, टाइम मैनेजमेंट और डिसिजन मेकिंग जैसे कोर्स सभी संकाय के विद्यार्थियों को करवाए जाएंगे। एनआईआईटी फाउंडेशन इंफोसिस के सहयोग से इस प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद छात्रों को न केवल प्लेसमेंट में सहायता देगा, बल्कि एक प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र भी कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि आज के प्रतियोगी युग में ऐसे ट्रेनिंग प्रोग्राम का होना विद्यार्थियों के जीवन में

- **आईटी कंपनियों इंफोसिस और एनआईआईटी के सहयोग से दिया जाएगा प्रशिक्षण**

बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस प्रकार के कौशल के बिना कॉरपोरेट जगत में प्रवेश पाना मुश्किल होता है और इसीलिए प्रत्येक विद्यार्थी में ये हुनर होना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है और प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को कंपनी द्वारा नौकरी के अवसर भी दिए जाएंगे। महाविद्यालय में कंपनी के सहयोग से एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम हो चुका और विद्यार्थियों के करियर को एक नई दिशा देने का ये एक बेहतरीन अवसर भी है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरंभिक तीन बैच के लिए 90 छात्रों का चयन कर लिया गया है और विद्यार्थी अगर इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करवाने के इच्छुक हैं, तो वे महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक डॉ. शिल्पी से संपर्क कर सकते हैं। विद्यार्थियों का तीसरा बैच जनवरी माह में प्रारंभ किया जाएगा।

# मनोह सिहाल में की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के फार्मों की छंटनी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



विकास खंड फतेहपुर की पंचायत मनोह सिहाल में शुक्रवार को आम ग्राम सभा का आयोजन प्रधान प्रेमलता की अध्यक्षता में किया गया। इसमें इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत भरे गए फार्म की छंटनी की गई। जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान प्रेमलता ने बताया उक्त योजना के 220 फार्म तहसील कल्याण विभाग द्वारा पंचायत को भेजे गए थे। इन पर शुक्रवार को बिस्तार से चर्चा करते हुए पात्रता तय की गई। इस दौरान 200 महिला आवेदक उक्त योजना की पात्र निकलीं। इनकी सूची जल्द ही तहसील कल्याण विभाग के फतेहपुर स्थित कार्यालय भेज दी जाएगी।

- **200 महिला आवेदक योजना के लिए पात्र**

# कमेटी ने किया बैजनाथ कॉलेज का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा गठित क्लस्टर लेवल कमेटी ने शुक्रवार को पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ का निरीक्षण किया जिसके अंतर्गत समिति के सदस्यों ने महाविद्यालय की स्वयं मूल्यांकन प्रतिवेदन का प्रत्यक्ष सत्यापन किया। समिति में पांच सदस्य थे, जिसमें अध्यक्ष के रूप में राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला की प्राचार्या प्रोफेसर आरती वर्मा, उपाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय रिडकमार के प्राचार्य डॉक्टर युवराज सिंह पठानिया



रहे। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपने-अपने मानदंडों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

समिति ने शैक्षणिक, सहपाठक्रमिय, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य क्लब गतिविधियों के साथ-साथ उनके दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया और साथ ही साथ स्टाफ सदस्यों की उपलब्धियां का भी निरीक्षण किया। समिति ने एस ए आर रिपोर्ट को सत्यापित करने के लिए छात्रों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और उपलब्धियों का विस्तृत और गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सुझाव भी दिए। समिति की अध्यक्ष प्रोफेसर आरती वर्मा ने स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया और उन्हें छात्रों और संस्थान की उन्नति के लिए निरंतर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

**स्क्रीनिंग** पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने किया आयोजन, फिल्म निर्माता राजन भी रहे मौजूद

# सीयू में हुई 'गट्टू' फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता राजन खोसा की ओर से निर्देशित समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'गट्टू' की एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को निर्देशक के साथ बातचीत करने के लिए एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव और एक अनूठा मंच प्रदान किया। राजन खोसा एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित फिल्म निर्माता हैं, जिन्हें गट्टू (2011) के लिए जाना जाता है, जिसने बर्लिनले में विशेष उल्लेख और सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। उनकी पिछली फिल्म, डांस ऑफ द विंड (1997) ने लंदन फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार और रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में ऑडियंस अवार्ड जैसी प्रशंसा अर्जित की। खोसा के काम को उसकी भावनात्मक गहराई, सांस्कृतिक प्रामाणिकता और सार्वभौमिक अपील के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रमुख डॉ.



अर्चना कटोच के संबोधन से हुई, जिन्होंने सम्मानित अतिथियों और निर्देशक का स्वागत किया। इसके बाद, स्कूल के डीन डॉ. आर. पी. राय ने एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें राजन खोसा द्वारा फिल्म निर्माण और कहानी कहने की कला में लाए गए विशिष्ट दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया। गट्टू की स्क्रीनिंग ने एक युवा लड़के के सपनों और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म की शक्तिशाली कहानी और भावनात्मक गहराई ने छात्रों और शिक्षकों को गहराई से प्रभावित किया, जिससे यह सभी उपस्थित लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। स्क्रीनिंग के बाद, छात्रों को राजन खोसा के साथ एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लेने का दुर्लभ अवसर मिला। सत्र के दौरान, निर्देशक ने अपनी रचनात्मक प्रक्रिया, गट्टू के निर्माण के दौरान आने वाली चुनौतियों और फिल्म उद्योग में अपनी यात्रा को साझा किया। छात्रों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया, फिल्म निर्माण की बारीकियों के बारे में सवाल पूछे और उद्योग की गतिशीलता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं धर्मपाल अग्रवाल** आयु 66 साल पुत्र श्री कन्हैईया लाल निवासी गांव व डाकघर फरसेटगंज तहसील घर्मशाला जिला कांगड़ा हि.प्र. का निवासी हूं तथा सशप्त घोषणा करता हूं कि मेरी चल व अचल संपत्ति महाल मकलोडगंज, फरसेटगंज तहसील धर्मशला जिला कांगड़ा तथा हि.प्र. के अन्य स्थानों में स्थित है। मेरी बहू पूजा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री अमित अग्रवाल मेरे कहने से बाहर है। मेरी बहू पूजा अग्रवाल के तीन बच्चे हैं, वह भी मेरे कहने से बाहर हैं। अतः मैं अपनी बहू श्रीमति पूजा अग्रवाल तथा उसके बच्चों को अपनी चल च अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा उनके साथ कोई भी किसी भी प्रकार का लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भोडा स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, डरोह।** शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में हंस फाउंडेशन के सौजन्य से किशोरी स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल, स्कूल हेल्थ क्लब अधिकारी संजय कुमार कटोच व महिला अधिकारी रुचिका राणा ने बच्चों को किशोरावस्था में आने वाली मुश्किलों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में मार्ग दर्शन हेतु मंच संचालन राजन सूद द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का हंस फाउंडेशन के डॉ. अंकुश ठाकुर, एसपीओ माया दास, दीक्षा तथा सतिंद्र दास द्वारा स्वस्थ जीवन तथा निरोगी काया हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बच्चों को अपने संबोधन में शरीर को स्वस्थ रखने हेतु आहार एवं विहार पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल परिसर में अमरूद का पौधा लगाया गया। हंस फाउंडेशन संस्था द्वारा किशोरी युवतियों को सेनिटरी नैपकीन भी दिए गए तथा किशोरी समूह का गठन किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजीव कुमार ने प्रबंधन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार, रूबी गुलेरिया, सदीप, संजय कटोच, राकेश चंद्र किशोर, विजय, नीलम व रमेश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सन्हूं स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सन्हूं में वार्षिक पारितोषिक



वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संजय सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन ने शिरकत की। इस बीच प्रकाश चंद डढवाल विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे। स्थानीय निवासी बलवीर सिंह डढवाल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया व विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी पढ़ी। इस दौरान विद्यालय में पिछले एक वर्ष से हुए विकास कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदेमातरम एवं सरस्वती के पूजन से दीप प्रज्वलन कर हुआ। मंच संचालक प्रवक्ता गणित राजेश रोशन ने अपनी मधुर वाणी से दर्शकों को बांधे रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अर्नव एवं खुशी के एकल नृत्यों से दर्शकों ने वाहवाही लूटी। मुख्यातिथि संजय सिंह चौहान ने बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया व विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल आए विद्यार्थियों के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष त्रिलोचन ने भी विद्यालय से संबंधित कुछ मांगें मुख्यातिथि के समक्ष रखी।

### एनसीसी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीजी कॉलेज धर्मशाला में एनसीसी दिवस के अवसर पर




कॉलेज परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पण, नशा मुक्ति रैली, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।शहीदों को नमन करने के बाद नशा मुक्ति पर रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को जागरूक किया गया और नशे से बचने के लिए प्रेरित किया गया।ब्लड डोनेशन कैंप में 5 एचपी इंडिपेंडेंट कंपनी और 1 एचपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन सोलन के कैडेट्स,एनएसएस वॉलंटियर्स और कॉलेज के अन्य छात्रों ने रक्तदान किया, जिसमें लगभग 75 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सभी रक्तदाताओं को मेडल और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।पिछले दिन नशा मुक्ति पर नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया था।जिसमें कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों को बांटे स्वेटर और शूज



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के कस्बा रैहन के समाजसेवी ओम प्रकाश ने स्थानीय समाजसेवी धर्मवीर कपूर से प्रेरणा लेते हुए रैहन स्थित सरकारी स्कूलों में पढ़ने बाले बच्चों को गर्म स्वेटर, शूज व जुराबें वितरित कीं। ओम प्रकाश ने बताया कि स्थानीय समाजसेवी धर्मवीर कपूर से प्रेरणा लेते हुए पिछले कुछ सालों से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी के तहत सीआरसी रावमापा रैहन के बच्चों को काले ऊनी स्वेटर, शूज व जुराबें वितरित कीं, जबकि प्राथमिक पाठशाला रैहन के बच्चों को काले स्वेटर, शूज व जुराबें दी गईं। रावमापा कन्या रैहन की छात्राओं को लाल स्वेटर, शूज व जुराबें वितरित की गईं।

### हर घर को सड़क से जोड़ने का किया काम : काकू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** गांव ध्रोबिया में पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू ने जनता को



संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल से लेकर आज तक कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में सड़कें बनाई हैं। चाहे चंगर क्षेत्र हो, शहरी क्षेत्र हो, हर घर को सड़क से जोड़ा है और नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हर गांव को आपस में जोड़ने के लिए पुलों का निर्माण किया जा रहा है। पलम क्षेत्र को शहरी क्षेत्र से व चंगर क्षेत्र को शहरी व पलम क्षेत्र से जोड़ा जा रहा है। कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा केंद्र से मुख्य अस्पताल से न्यायिक परिसरों से मिनी सचिवालय से जोड़ा जा रहा है। काकू ने बताया कि चंगर क्षेत्र के ध्रोबिया को नई सड़क से जोड़ दिया गया है।

# दो साल के भीतर ही निकली लंज कॉलेज भवन की सीलिंग

## बारिश में छत से टपकता है पानी, ठेकेदार पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**अनिल छांगू, जवाली**

राजकीय महाविद्यालय लंज के भवन का लोकार्पण हुए अभी दो साल भी नहीं हुए कि ठेकेदार की पोल खुलकर सामने आ गई है। भवन के अंदर की हालत देखकर प्रतीत होता है या तो ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी की सामग्री का प्रयोग किया गया है या फिर लापरवाही के चलते सरकारी खजाने को चपत लगाई गई है। कॉलेज की छत में की गई सीलिंग दो साल में गिरना शुरू हो गई है या यूं कहें कि छत के कई हिस्सों से सीलिंग लगभग गिर चुकी है। हालांकि भवन की तीसरी मंजिल पर बने हॉल में हादसे के डर से बच्चों का आना-जाना निषेध कर रखा है। हॉल में बच्चे बैठने से भी कतराते हैं क्योंकि सीलिंग गिरने से हादसा हो सकता है। वीरवार को चंगर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने लंज महाविद्यालय का दौरा किया। महाविद्यालय की छत का



लंज कॉलेज की टूटी हुई सीलिंग।

हाल देखकर सभी के होश उड़ गए। समिति के अध्यक्ष जन्म सिंह गुलेरिया ने बताया कि ठेकेदार द्वारा लापरवाही से कार्य किया गया है। इसके चलते मात्र 2 वर्ष के भीतर सारी सीलिंग गिर गई। शौचालयों की छत से भी सारी सीलिंग निकल गई है। इससे सरकारी खजाने को चपत लगी है। विभाग को चाहिए कि इस मामले में हस्तक्षेप करके ठेकेदार द्वारा छत की सीलिंग को ठीक करवाया जाए। समिति ने प्रशासन को चेताया कि समय रहते इसकी हालत को सुधारा जाए क्योंकि यह पढ़ने वाले छात्रों के भविष्य का सवाल है। वहीं, छात्रों का कहना है अगर प्रशासन इस बात अनसुनी करता है, तो आने वाले समय में कॉलेज में हड़ताल करने से गुरेज नहीं किया जाएगा।

वहीं, अपर लंज प्रधान रेखा देवी के बताया कि महाविद्यालय की छत से पानी टपकता है। लाइब्रेरी में बारिश के दौरान बच्चे बैठ नहीं सकते। महाविद्यालय की छत का निरीक्षण कर इसे विभाग दुरुस्त करे, ताकि बच्चों को बैठने की बेहतर सुविधा मिल सके।

इस बारे में लंज महाविद्यालय के प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि 5 वर्ष के लिए कॉलेज की बिल्डिंग की देखरेख का जिम्मा पीडब्ल्यूडी का है। विभाग को लेटर के माध्यम से अवगत करवाया था कुछ दिन पहले कांगड़ा से टीम आई थी और उन्होंने जल्द इस गिर रही हॉल की छत को रिपेयर करने की हामी भरी है।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अनुराग कौंडल से बात हुई तो उन्होंने बताया कि निकली हुई सीलिंग का निरीक्षण किया गया है। इसकी मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा जल्द ही करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ठेकेदार ही करेगा ठीक : केवल पठानिया



**इस** बारे में उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया से बात हुई तो उन्होंने बताया कि भाजपा के जाने के समय जल्दबाजी में कार्य किया गया है। कार्य में हुई अनियमितताओं के परिणाम सबके सामने हैं। जिस ठेकेदार ने काम किया है, उसी से ठीक करवाने के आदेश विभाग के अधिकारियों को दिए जाएंगे। विकास कार्यों में अनियमितताएं सहन नहीं की जाएंगी।

### डीसी ने इंदौरा में की विकास कार्यों की समीक्षा

**इंदौरा।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। शुक्रवार को इंदौरा में विकास कार्यों को लेकर उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि उपमंडल स्तर पर राजस्व संबंधी लंबित मामलों का भी मिशन मोड में निस्तारण सुनिश्चित करें तथा पटवार सर्किल स्तर पर मामलों की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की जाए। इसके पश्चात डीसी हेमराज बैरवा ने विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 6750 मिली देसी शराब बरामद

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्कोट में राज कुमार निवासी अरला देहरा से 6750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस थाना कांगड़ा में दर्ज किया गया है।

### हैप्पी बर्थडे



पठियार के प्रदीप और कविता चौधरी की बेटी इशिका को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



जिया गांव के कमलेश और सपना को शादी की 13वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### तो क्या... पर्यटन निगम की घाटे में चल रही सब संपत्तियां होंगी सेल

**धर्मशाला।** पूर्व मंत्री भाजपा के नेता राकेश पठानिया ने धर्मशाला में प्रेस वार्ता कर कहा कि वह खुद हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन और उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उस कार्यकाल के दौरान एचपीटीडीसी में 14 संपत्तियां जोड़ी गईं थी और 7 साढ़े 7 करोड़ का भी मुनाफा किया था, लेकिन आज पर्यटन निगम के होटल नीलाम हो रहे हैं। करीब 3 सौ कनाल में चायल पैलेस की प्रॉपर्टी है और ये देशभर में सबसे हाईप्रोफाइल प्रॉपर्टी है, जो आज बंद होने की कगार पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा की कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाने वालों के कार्यकाल में धर्मशाला के ही नामी 3 होटल बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। आज कांगड़ा से ही पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन हैं फिर भी इन होटलों को प्रॉफिट में नहीं ला पाए हैं। आज अगर निगम के होटल सेल होने वाले हैं तो क्या घाटे में चल रही निगम की बाकी प्रॉपर्टी भी सेल हो जाएंगी? पठानिया ने कहा कि सरकार इन मामलों को डिफेंड करने की बात कह रही है। जब कोर्ट में मामला लगा था तो सरकार डिफेंड क्यों नहीं कर पाई।



### श्री सत्य साईं सेवा समिति ने निकाली शोभायात्रा




नगरोटा बगवां। श्री सत्य साईं सेवा समिति नगरोटा बगवां द्वारा 22 नवंबर को श्री सत्य साईं बाबा की भव्य शोभयात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए श्री सत्य साईं सेवा समिति नगरोटा बगवां के कन्वीनर हरीश आनंद ने बताया कि समिति द्वारा दोपहर बाद 3 बजे से 4 बजे तक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ एचडीएफसी बैंक की नगरोटा बगवां शाखा से किया गया, जो कि गांधी ग्राउंड तक निकाली गई। इसमें सैकड़ों साईं भक्तों ने भाग लेकर श्री सत्य साईं बाबा का गुणगान किया।

### शाहपुर के चंबी मैदान में कल होगी खेल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने तथा एड्स की रोकथाम के लिए शाहपुर विधानसभा के चंबी मैदान में एड्स नियंत्रण सोसाइटी कांगड़ा द्वारा 24 नवंबर को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता करवाई जा रही है। इसमें 1600 मीटर, 100 मीटर व 400 मीटर की रिले प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है।उन्होंने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर खेल मैदान निर्मित करने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि युवाओं को खेलों के अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि युवाओं को खेलों के माध्यम से ही नशे से दूर किया जा सकता है तथा इस दिशा में सरकार भी कारगर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जिम इत्यादि भी व्यवस्था भी की जा रही है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि चंबी मैदान के सौंदर्यीकरण तथा खेलों के आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी खेल विभाग की ओर से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### रैंकिंग तय करने के लिए कमेटी ने किया थुरल कॉलेज का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, डरोह**

हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में स्थित राजकीय कॉलेजों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए रैंकिंग प्रणाली को जोरदार तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे कॉलेज में शैक्षणिक वातावरण बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया गया। इसी के तहत थुरल कॉलेज का निरीक्षण कांगड़ा जिला के लिए बनाई गई सब कमेटी द्वारा किया गया। इस कमेटी का नेतृत्व बीएड कॉलेज की प्राचार्या आरती वर्मा ने किया। टीम में प्रो. युवराज सिंह, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. अनूप कुमार सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, थुरल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राका शर्मा ने टीम का स्वागत किया। टीम ने सात बिंदुओं के आधार पर कॉलेज की सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट का मूल्यांकन किया। टीम ने कॉलेज पुस्तकालय, कैंटीन, आईसीटी लैब, क्लासरूम, स्मार्ट क्लासरूम, मल्टीपर्पज हॉल, स्टाफ केबिन, खेल मैदान वॉलीबॉल कोर्ट, कबड्डी कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, जिम का दौरा किया और सभी स्टाफ सदस्यों को कॉलेज की गुणवत्ता बढ़ाई रखने के लिए प्रशंसा तथा मार्गदर्शन किया गया।



थुरल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंची टीम कॉलेज स्टाफ के साथ।

### डॉ. राजेश ने म्यूजिक वीडियो किया रिलीज



**कांगड़ा।** श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा ने शुक्रवार को कमल सरोच का म्यूजिक वीडियो रिलीज किया। गद्दियाली भाषा के इस म्यूजिक वीडियो -दिले रा हाणी के गायक व लेखक कमल सरोच हैं। एसएमसी प्रोडक्शन के बैनर तले बने इस म्वीडियो में डायरेक्शन वीके नरयाल का है। संगीत अजय नेगी, वीडियो एडिटिंग शिवा जलोटिया की है। मुख्य भूमिकाओं में ठाकुर स्वर्ण सिंह व सुश कौशल है। इससे पहले भी सरोच कई हिट गीत गा चुके हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने कमल सरोच को उनके म्यूजिक वीडियो के लिए बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## किशोरी लाल ने नवाजे अवैरी के होनहार

### स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोर लाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अवैरी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

वार्षिक उत्सव का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। विधायक ने इस अवसर पर मेधावी एवं उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी छात्रों को उत्सव की शुभकामनाएं दी और लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम से जीवन में सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि अध्यापक अपने अनुभव के माध्यम



से छात्रों को न केवल सही राह दिखा सकते हैं अपितु भविष्य में लक्ष्य प्राप्ति में उनका मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य सवारने और सही दिशा प्रदान करने में अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने अध्यापकों से छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाने का आह्वान किया और छात्रों की प्रतिभा की पहचान कर इन्हें ओर निखारने की दिशा में सकारात्मक शुरुआत करने पर बल दिया। उन्होंने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि छात्र अपने सहपाठियों को ओर बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगे।

इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरिंद्र ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजें।

### चरस व नकदी सहित युवक काबू

**पालमपुर।** पुलिस थाना भवारना के तहत पनापर हार के पास नेनो कार मे बेठे अजय शर्मा निवासी गगल खास तहसील धीरा से 122 ग्राम चरस व 10050 रूपये बरामद किए गए। इस संदर्भ में पुलिस थाना भवारना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20,25-61-85 में मामला दर्ज किया गया है।

### युवक से चिट्टा किया बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत रितिक निवासी बागनी तहसील धर्मसाला से 11.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया । इस संदर्भ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-61-85 के तहत मामला पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।




**जानकारी** विधायक संजय रत्न बोले, कांगड़ा जिले में सामाजिक सुरक्षा के 9687 नए मामलों को दी मंजूरी

# गृह निर्माण के लिए 272 पात्र लोगों को मिलेगा अनुदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

समाज कल्याण विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पंचायत स्तर तक व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद एवं पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

यह उद्गार विधायक संजय रत्न ने धर्मशाला में डीसी कार्यालय के सभागार में जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बोर्ड लगवाना सुनिश्चित किया जाएगा इसके साथ ही विभिन्न स्तरों पर कल्याण विभाग के अधिकारी जागरूकता शिविर लगाना सुनिश्चित करेंगे। विधायक संजय रत्न ने कहा कि दूरदराज के ग्रामीण



क्षेत्रों के लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ें इस के लिए तहसील कल्याण अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों के आवेदन इत्यादि एकत्रित करने की व्यवस्था तैयार करें इस के लिए क्षेत्रवार विजिट का कलेंडर भी तैयार किया जाए इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्रों में देना सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगा निर्धारित शेड्यूल के तहत तहसील कल्याण अधिकारियों के साथ मिल सकें।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में चालू वित वर्ष में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 9687 नए मामलों को मंजूरी प्रदान की गई जिसमें वृद्धावस्था पेंशन के तहत 6720, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के तहत 233, इंदिरा गांधा राष्ट्रीय विधवा पेंशन के 97, विधवा पेंशन के 1943, अपंग राहत भत्ता के तहत 688, कुष्ठ रोग पुर्नवास भत्ता के दो मामलों को मंजूरी दी गई है कांगड़ा जिला में अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत एक लाख 75 हजार 810 पात्र लोग लाभांवित होंगे।

### अक्षम स्टूडेंट्स को मिलेगी छात्रवृत्ति

**विधायक** ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के तहत अक्षम छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी इस के लिए 25 लाख का बजट कांगड़ा जिला के लिए आवंटित हुआ है। उन्होंने बताया कि पहली से पांचवीं तक अक्षम बच्चों के लिए 625 रुपए प्रतिमाह, आवासीय छात्रों के लिए 1875, छठी से आठवीं तक के अक्षम बच्चों के लिए 750 तथा आवासीय छात्रों के लिए 1875, नवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 950 व आवासीय छात्रों के लिए 1875, दस जमा एक तथा जमा दो के छात्रों के लिए 1250 तथा आवासीय छात्रों के लिए 2500, स्नातक के छात्रों के लिए 1875, आवासीय छात्रों के लिए 3750, स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए 2250 तथा आवासीय छात्रों के लिए 3750 प्रतिमाह, बीई, बीटेक तथा एमबीबीएस के छात्रों के लिए 3750 तथा आवासीय छात्रों के लिए 5000 रुपए प्रतिमाह छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

जिला स्तरीय समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष संजय रत्न ने बताया कि कांगड़ा जिला में चालू वित वर्ष में स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 272 पात्र लोगों को गृह निर्माण के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिसमें अनुसूचित जाति के 171 लोगों को गृह निर्माण के लिए 2 करोड़ 56 लाख, 50 हजार रुपए का अनुदान, अनुसूचित जनजाति के 20 लोगों को गृह निर्माण के लिए 30 लाख रूपये, अन्य पिछड़ा वर्ग के 81 लोगों को एक करोड़ 21 लाख 50 हजार का अनुदान दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### झूठी खबर पर शिमला में प्राथमिकी दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि सोशल मीडिया में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की झूठी खबर प्रसारित कर सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि साइबर अपराध पुलिस स्टेशन शिमला में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### कांग्रेस की कार्यकारिणी गठन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को हाईकमान ने चारों संसदीय क्षेत्रों सहित सभी 12 जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। सभी पर्यवेक्षक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला को रिपोर्ट करेंगे। हाईकमान ने हमीरपुर संसदीय सीट का गुरप्रीत, शिमला का ओमवीर यादव, मंडी का गौरव भाटिया और कांगड़ा सीट का शांतनु चौहान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जिला शिमला के लिए राजीव वर्मा, हमीरपुर के लिए प्रभाकर झा, सोलन के लिए प्रवीण चौधरी, कुल्लू के लिए पुरुषोत्तम नागर, मंडी के लिए मुजफ्फर गुर्जर, सिरमौर के लिए चरणजीत सिंह निक्कू, किन्नौर के लिए शिवराम वल्मीकि, लाहौल-स्पीति के लिए मनोज कौशिक, कांगड़ा के लिए रवि ठाकुर, बिलासपुर के लिए दीपक, चंबा के लिए अखिलेश और ऊना के लिए रुद्र प्रताप को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सभी पर्यवेक्षक इसी सप्ताह से प्रदेश के दौरे पर निकलेंगे। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से चर्चा कर और जमीनी स्तर पर स्थिति का जायजा लेने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला को सौंपेंगे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश कांग्रेस से लेकर जिला और ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएंगी। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी कार्यकारिणी के गठन के लिए कदमताल शुरू कर दी है। वहीं प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर नए संगठन की रूपरेखा तैयार कर रही हैं।

### 11 माह में ओवरस्पीड और रैश ड्राइविंग के 2745 चालान

**पुष्पराज, मंडी।** प्रगति की दौड़ में जहां हिमाचल प्रदेश भी आगे बढ़ रहा है और फोरलेन जैसी सड़कों और टनलों का निर्माण किया जा रहा है ऐसे में वाहन चालकों के तीव्र गति से चलने से काफी हादसे भी पेश आ रहे है। वहीं तीव्र गति से किसी प्रकार के हादसे पेश न आए इसके लिए मंडी जिला पुलिस द्वारा तीव्र गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर आईटीएमएस और लेजर स्पीड गन से कार्रवाई की जा रही है। जिसमें साल 2024 में अब तक करीब 2745 चालान किए जा चुके है जिसमें सबसे अधिक 778 चालान सुंदरनगर क्षेत्र में किए गए है। वहीं दूसरे नंबर पर पधर क्षेत्र में 545 और तीसरे नंबर बल्ह पुलिस द्वारा 353 चालान किए गए है तो वहीं सदर क्षेत्र में सिर्फ एक ही चालान अब तक किया गया है। साल के शुरुआत में जहां जिला भर में केवल जनवरी से जून तक 127 चालान ही किए गए थे लेकिन जुलाई माह से वाहनों की तीव्र गति और रैश ड्राइविंग के लिए स्पेशल अभियान के दौरान जुलाई माह से 22 नवंबर तक 2617 चालान किए गए। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि बहुत से केस रैश ड्राइव और तीव्र गति से हादसों के आ रहे थे जिसके कारण लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस द्वारा यह अभियान छेड़ा गया। उन्होंने कहा की पुलिस फील्ड में जाकर भी चालान कर रही है ताकि लोग सतर्क रहें ही ओवर स्पीडिंग के खिलाफ पुलिस चालान कर रही है। उन्होंने बताया कि इसका मकसद ओवर स्पीड के कारण हो रहे हादसों पर लगाम लगाना है ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि गाड़ी को धीमी गति से चलाएं और सुरक्षित रहें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### जगत सिंह नेगी के चंबा प्रवास में आंशिक बदलाव

**चंबा।** राजस्व, बागवानी , जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी के चंबा प्रवास में आंशिक बदलाव हुआ है। संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 24 नवंबर को सांय 5:30 बजे खजियार पहुंचेंगे और उनका रात्रि ठहराव वन विश्राम गृह खजियार में रहेगा। 25 नवंबर को जगत सिंह नेगी लघु सचिवालय भरमौर के सम्मेलन कक्ष में सुबह 11 बजे परियोजना सलाहकार समिति तथा दोपहर 2 बजे स्थानीय क्षेत्र विकास समिति भरमौर की होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव लोक निर्माण विश्रामगृह भरमौर ही में रहेगा। 26 नवंबर को जनजातीय विकास मंत्री भरमौर में प्रातः 10 बजे जनजातीय गौरव दिवस के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। दोपहर बाद 2 बजे जगत सिंह नेगी चम्बा के लिए रवाना होंगे और 4 बजे सीएसआर के संबंध में चम्बा में होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें सदर विधायक चम्बा नीरज नैयर, उपायुक्त चंबा, कार्यकारी निदेशक और सभी महाप्रबंधक एनएचपीसी चमेरा परियोजना से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को जनजाति विकास मंत्री का रात्रि ठहराव लोक निर्माण विश्रामगृह डलहौजी में रहेगा। 27 नवंबर को जनजाति विकास मंत्री प्रातः 9 बजे डलहौजी से धर्मशाला के लिए रवाना होंगे।

### महादेव में मनाई झलकारी बाई जयंती

**भीम बसेडू, महादेव।** झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की सहयोगी एवं मित्र रही अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की जयंती महादेव में मनाई गई। जाने माने साहित्यकार कृष्ण चंद महादेविया की अगुवाई में उपस्थित सेवामुक्त सूबेदार भगत राम सहित कृष्णा, बबीता देवी, पीतांबर लाल, कामना, ज्योति, अनन्या चौहान, अश्वनी आदि को महादेविया ने 1857 की क्रांति की वीरांगना झलकारी बाई बारे जानकारी देते हुए बताया कि इस क्रांति की यह वीरांगना झलकारी बाई तोपची एवं उस दौर के बड़े तलवार बाज पूरन चंद की पत्नी थी जो इस क्रांति की प्रथम दीपशिखा और जिसने मातृभूमि की रक्षा के लिए इस महान स्वतंत्रता सेनानी ने अंग्रेजों के विरुद्ध बड़ी ही बहादुरी के साथ लड़ते लड़ते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वह झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की सहयोगी एवं मित्र थी। महादेविया ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि वे भी समाज में फैली बुराईयों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए झलकारी बाई जैसी जांबाज के नक्शे-कदम पर चलते हुए देश एवं समाज हित में कुछ ऐसा कर गुजरे जिससे वास्तव में ही शहीदों के नवभारत वाले सपने पूरे हो सके।

# पांगी में समस्याओं के समाधान के लिए 5 दिन से भूख हड़ताल

**अनंत ज्ञान, पांगी**

नवंबर माह की कड़क ठंड में पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में आवासीय आयुक्त कार्यालय के बहार पांच दिनों से हड़ताल पर बैठे हुए है। दो सदस्यों ने पांगी घाटी की समस्याओं का समाधान करने की पूरी तरह से ठान ली हुई है। पिछले पांच दिनों प्रदेश सरकार के खिलाफ किलाड़ में विरोध हो रहा है, सरकार की ओर से कोई अपना अधिकारी मौके पर नहीं भेजा है।

इस बात से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार घाटी के लोगों की अंदेखी कर रही है। बता दें कि पांगी किलाड़ में पंचायत समिति सदस्य शुण–सैचू नाला सतीश कुमार और पूर्व जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य एवं पूर्व प्रधान कल्याण सिंह ने कड़ाके की ठंड में अन्न त्याग अनशन पर बैठे हुए हैं। सरकार और प्रशासन द्वारा उनकी मांगें मानना तो दूर हाल तक जाने तक उचित नहीं रहा है।

पंचायत समिति सदस्य सूण सैचू नाला सतीश कुमार राणा, ग्राम पंचायत सूण और पूर्व जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य एवं पूर्व प्रधान सुराल पांगी कल्याण सिंह ने बताया कि दोनों लोगों पिछले पांच दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हुए है।

शुक्रवार को पांगी घाटी के विभिन्न पंचायत के महिला मंडलों में भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचकर दोनों सदस्यों का समर्थन किया हुआ है। वहीं प्रदेश महिलामंडलों का कहना है कि जब तक प्रदेश कांग्रेस सरकार पांगी घाटी की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं करेगी तब तक क्षेत्र के लोग घाटी में प्रदेश सरकार का विरोध करते रहेंगे। वहीं लोगों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ काले झंडे निकालकर नारेबाजी की।

वहीं भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व तक सदस्य वह पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत सरल के कल्याण सिंह ने बताया कि कुछ लोग इस विरोध को राजनीति कह रहे हैं लेकिन उन लोगों को बता दिया जाए की जिन समस्याओं को उठाया गया है वह क्षेत्र के हित के लिए है।



### प्रशासन ने कुछ समस्याओं का किया समाधान

**आवासीय** आयुक्त रमन घरसंघी ने बताया कि समस्याओं की को सुनने के बाद जिन समस्याओं का समाधान पांगी प्रशासन के स्तर पर हो पाता उनका समाधान कर दिया गया है, वहीं इसके अलावा एचआरटीसी की नई बसों को लेकर हिमाचल पथ परिवहन निगम के एमडी से बात करने के बाद पांगी के लिए सात नई बसों की डिमांड की हुई है। वहीं दो बसें पांगी के लिए आरएम केलांग की ओर से भेज दी गई है। जोकि दो दिनों के भीतर पहुंच जाएगी।

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल

**भूख** हड़ताल पर बैठे पूर्व जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य एवं पूर्व प्रधान सुराल कल्याण सिंह ठाकुर और सतीश कुमार पंचायत समिति सदस्य शुण-सैचू नाला ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती। तब तक वह न तो अपनी भूख हड़ताल तोड़ेंगे और न ही दवाई खाएंगे। वीरवार को उनके समर्थन में लोगों की भीड़ आवासीय कार्यालय के बाहर जमा हो गई। एपीएमसी चेयरमैन चंबा ललित ठाकुर का कहना है की पांगी घाटी की जो भी समस्या है उसे जल्दी सुलझा लिया जाएगा।

# आपस में बेहतर कार्य करें सभी विभागीय अधिकारी : नीरज नैय्यर



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विधायक नीरज नैय्यर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में विभिन्न विभागों के अधीन चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने की।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से पीएमजीएसवाई–3, नाबार्ड तथा सीआरआईएफ के अंतर्गत बनने वाली सड़कों व पुलों, पेयजल योजनाओं, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा से संबंधित विकास कार्यों व परियोजनाओं, विभिन्न स्कूलों में निर्माणाधीन स्कूल भवनों, एचपीएसईबीएल की विद्युतीकरण से संबंधित परियोजनाओं, तथा नगर परिषद चंबा से संबंधित अनेक विकास कार्यों के अलावा जिला चंबा में बनने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बारे विधायक नीरज नैय्यर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक नीरज ने सभी विभागीय अधिकारियों निर्देश कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के विभागीय कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि यथाशीघ्र आम जनमानस को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं,नीतियों व कार्यक्रमों के विषय में जिला के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

इसे पूर्व एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने बैठक में उपस्थित विधायक नीरज ने विभागीय अधिकारियों का स्वागत किया तथा बैठक के प्रमुख उद्देश्यों के अलावा चर्चा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं बारे संक्षिप्त जानकारी दी।

# चंबा में प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की की खरीद शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्खी हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद प्रक्रिया 18 नवंबर को बालू में आरंभ हो गई। इस खरीद प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने किया।

इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि खेती में रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से कई दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं । जिसको देखते हुए प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक खाद व जहरीले कीटनाशकों का



इस्तेमाल वर्जित है तथा प्राकृतिक विधि से तैयार फसलें न केवल सेहत के लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक हैं वहीं इससे इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार गेहूं और मक्की के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है तथा प्रदेश के किसान इस विधि को अपनाकर अपनी आय में अच्छी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

यह प्रसन्नता की बात है कि जिला चंबा में महिलाएं पुरुषों की तुलना काफी ज्यादा संख्या में कृषि को व्यवसाय के रूप में अपना रही हैं तथा अपने परिवार सहित जिला की आर्थिकी को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उपायुक्त ने प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों का आह्वान किया कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों में अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में जिला चंबा के विभिन्न हिस्सों के प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों ने सरकार द्वारा प्राकृतिक विधि से तैयार की गई मक्की व गेहूं की खरीद के लिए दिए जा रहे न्यूनतम समर्थन मूल्य की सराहना की तथा प्राकृतिक कृषि व बागवानी के क्षेत्र में अपने–अपने अनुभव सांझा किए।

# शरारती तत्व व्यापार मंडल की छवि खराब करने का कर रहे प्रयास

**अनंत ज्ञान, भरमौर ( चंबा )**

व्यापार मंडल भरमौर के अध्यक्ष के नाम का सहारा लेकर किसी नामी व्यक्ति के विरुद्ध अनाप–शाप व अभ्रद भाषा लिख कर झूठी शिकायत मुख्यमंत्री को करने पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रंजीत शर्मा व महासचिव मंहिद्रर पटियाल ने विरोध जताया है।

इस संदर्भ में उपमंडल अधिकारी कुलबीर सिंह राणा से लिखित शिकायत की गई है कि कुछ शरारती तत्व इस तरह की घटिया हरकत कर व्यापार मंडल की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चहिऐ । व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने उपमंडल अधिकारी व उच्च अधिकारियों से विनती की है कि भविष्य में अगर व्यापार मंडल भरमौर की तरफ से किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे अवश्य व्यापार मंडल से उस बारे सत्यापन जरूर कर ले ।



कुलबीर सिंह को ज्ञापन सौंपते गणमान्य।

# बंदर से डरकर बच्चा सीढ़ियों से गिरा, घायल

**शिमला।** राजधानी शिमला में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को मॉल रोड पर बंदर एक बच्चे को डरा रहा था तभी बच्चे ने इसे बचने की कोशिश की और बच्चा सीढ़ियों से गिर गया। ऐसे में बच्चे को छोटे आई है। घटना के बाद हड़कंप मच गया। बताया जा रहा हे कि बच्चा बंदर से डरकर भाग रहा था और अचानक कॉलेज के गेट की सीढ़ियों से गिरकर माल रोड पर एक ज्वैलर की दुकान के पास गिर पड़ा।

इसके कारण उसे गंभीर चोटें आईं। राहत की बात यह रही कि कुछ ही देर में पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची और घायल बच्चे को तुरंत आईजीएमसी ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# बिहाली और खजुआ पंचायत की लड़कियों को आठवीं के बाद छोड़नी पड़ रही पढ़ाई

**आजम डार, तीसा**



**आठ किलोमीटर दूर है हाई स्कूल**

जिला चम्बा के दूर दराज क्षेत्र उप मंडल तीसा के खजुआ और बिहाली पंचायत के स्कूली छात्र व छात्राओं को मैट्रिक की पढ़ाई के बाद अपने घर से दूर आठ किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है इन स्कूली छात्र व छात्राओं को आने और जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है ।

इन विद्यार्थियों को घर से जाने के लिए भी दो घंटे और आने के लिए भी दो घंटे लगते हैं, बीच में जंगली रास्ता होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा इन बच्चों को हमेशा रहता है बारिश हो या धूप इन बच्चों को पैदल ही सफर करना होता है मौसम ज्यादा खराब रहने पर अभिभावकों को बच्चों के साथ स्कूल जाना पड़ता है।

यही वजह है कि इन दो पंचायत की लड़कियां आठवीं के बाद की पढ़ाई नहीं कर पाती है और उन्हें घर से दूर भेजना घरवालों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है।

इन दो पंचायतों की आबादी लगभग 3000 से ज्यादा है सफर आठ किलोमीटर होने की वजह से अभिभावक बच्चियों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं । स्थानीय लोगों का कहना है कि खाजूआ बिहाली के बीच में एक हाई स्कूल खोला जाए । लोगों ने विधायक हंसराज कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत खन्ना वह अन्य विभाग को अवगत करवाया है कि यहां पर जल्द से जल्द हाई स्कूल खोला जाए।( अनंत ज्ञान)

# बर्फबारी में सड़क बहाली की व्यवस्था करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

शीत ऋतु के दृष्टिगत जनजातीय उपमंडल भरमौर में विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाने को लेकर आज लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में कार्यवाहक एडीएम कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया ।

शीत ऋतु की दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा करते एडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बर्फबारी के दौरान सड़क बहाली के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी मौसम के पूर्वानुमान के दृष्टिगत बर्फबारी की संभावना के मध्य नजर पहले से ही आवश्यक उपकरणों का कार्यशील होना सुनिश्चित बनाया जाएं। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति की उपलब्धता बनाए रखने और आशा वर्कर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए उचित प्रबंध व्यवस्था रखने को कहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर एडीएम ने संबंधित विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित बनाई जाए। बैठक में दूरसंचार सेवाओं के बेहतर प्रबंधन को लेकर भी निर्देश जारी किए गए। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया की पंचायत स्तर पर राहत एवं बचाव दल का गठन किया जाए जिसमें होमगार्ड, आपदामित्रों और पुलिस कर्मचारियों को भी शामिल किया जाएं ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से प्रभावित ढंग से निपटा जा सके।

उपमंडल स्तर पर तैनात सभी विभागीय अधिकारी नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी की सूची दूरभाष नंबर कंट्रोल रूम पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग को उपमंडल में बिजली की झूलती तारों और पोलो को व्यवस्थित करने और विभाग के पास आवश्यक मात्रा में ट्रांसफार्मर, पोल वैकल्पिक विद्युत लाइन आदि उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा यह प्रयास किया जाए कि किसी स्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।

## सूडोकु 00125

* सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

23 नवंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** अष्टमी (8:00): **नक्षत्र** मघा (07:28), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** एन्द्र (11:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:46-12:28), **राहुकाल** (09:29 -10:48)।

### विशेष दिन

- 23 नवम्बर 2024 : कालाष्टमी आज।
- 23 नवंबर : राष्ट्रीय काजू दिवस आज।

**मेष:** आपकी वाणी से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। मन में नकारात्मक विचार आने से मन उदास रहेगा।

**वृषभ:** स्वार्थी लोगों से दूर रहें। शत्रु पराजित होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें। वाणी पर संयम रखें अन्यथा किसी को ठेस पहुंच सकती है।

**मिथुन:** पारिवारिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पिछले अनुभव से सबक लेकर आगे बढ़े, सफलता मिलेगी प्रियजन से मुलाकात होगी।

**कर्क:** प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा। सहज व्यवहार विरोधियों को भी मित्र बना सकता है। अधिक खर्च परेशानी में डाल सकता है।

**सिंह :** राजकीय मामलों में सफलता मिलेगी। भाग्योदय संभव है। धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** आज आपके अटके काम पूरे होंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहे हैं। बातचीत में नरमी बरतें। विवादस्पद मामले सुलझेंगे।

**तुला:** आज आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा। आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** जीवन में एक नई ऊर्जा का प्रवेश होगा। खुद को शांत रख पाने की किसी क्रिया के साथ दिन की शुरुआत करें। धन का निवेश सोच समझकर करें।

**धनु :** आज के दिन आपको किसी खास से कुछ मिल सकता है। सामूहिक कार्यों में सब की सलाह से आगे बढ़ना लाभदायक रहेगा।

**मकर :** आज आपके लिए दिन बहुत अच्छा है आज आपको अपने हर एक कार्य में अच्छा लाभ होने वाला है। नये प्रोजक्ट में भागीदार बन सकते है।

**कुंभ :** आज कार्य क्षेत्र में नये आयाम मिलने वाले है। साथ ही साथ आज आपको आपका कोई पुराना मित्र या फिर रिश्तेदार मिल सकता है।

**मीन:** आज कोई लम्बी यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप अपने काम में पूरी तरह से खरे उतरेगे। पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त रहेंगे।

# विद्यार्थियों को बताए प्राकृतिक खेती के फायदे

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पीएम श्री योजना के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में हरित विद्यालय अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक सरूप ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती और उसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या करमजीत कौर द्वारा अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए की गई। उन्होंने हरित विद्यालय अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

सरूप ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती की अवधारणा समझाते हुए बताया कि यह पद्धति बिना रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से खेती को सफल और सतत बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्राकृतिक खेती से किसान उत्पादन लागत को शून्य तक कम कर सकते हैं और जहर मुक्त खाद्यान्न के माध्यम से समाज को स्वस्थ भोजन उपलब्ध करवा सकते हैं।

प्राकृतिक खेती में आवश्यक संसाधनों को खेत या गांव में ही तैयार किया जा सकता है, जिससे बाहरी निर्भरता समाप्त होती है। इसके अतिरिक्त, गाय के गोबर और दूध की उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। उन्होंने गाय के गोबर से खाद बनाने की प्रक्रिया और उसके लाभ बताए। (अनंत ज्ञान)



विद्यार्थियों को प्राकतिक खेती के फायदे बताते हुए गणमान्य।

# बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज रहा विजेता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



विजेता टीमें मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

तकनीकी शिक्षा, नगर नियोजन, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री ने शुक्रवार को सरकाघाट के रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रतियोगिता का खिताब डीएवी कॉलेज कांगड़ा ने आरएनटी कॉलेज सरकाघाट को 88–70 अंकों से हराया, जबकि एचपीयू पीजी सेंटर शिमला ने भोरंज कॉलेज को 68–47 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर और सरकाघाट के कांग्रेस प्रत्याशी रहे पवन ठाकुर ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

राजेश धर्माणी ने कहा कि सरकाघाट कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में सोलर पैनल जल्द ही लगवा दिया जाएगा और कॉलेज में बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम बनाने की मांग को मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

# स्कूलों के क्लस्टर बनाने से न किसी की पोस्ट खत्म होगी, न ही प्रमोशन रुकेगी : राकेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर हिप्पा शिमला में एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। समग्र शिक्षा और हिप्पा के संयुक्त तत्वाधान 'क्वालिटी एजुकेशन इन हिमाचल' विषय पर हो रही इस कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षा सचिव राकेश कंवर, समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा, हिप्पा के अतिरिक्त निदेशक प्रशांत सरकैक, एनसीईआरटी की प्रो. संध्या विशेष तौर पर मौजूद रहीं।

इस दौरान शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्कूलों की क्लस्टरिंग करने, अपना विद्यालय योजना जैसे विभिन्न फैसलों के बारे में बताया। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल की उपयोगिता पर बताया। उन्होंने साफ किया कि इस फैसले से स्कूलों में न तो किसी की पोस्ट खत्म होगी और न ही किसी की प्रमोशन रूकेगी। क्लस्टर सिस्टम लागू करने का मकसद यही है कि हम बच्चों के लिए कैसे बेहतर कर सकते हैं।

शिक्षा सचिव ने कहा कि सरकार ने अपना विद्यालय योजना भी लागू की है। इसका मकसद यह है कि गोद लेने वाले लोग स्कूलों की जरूरतों को पूरा करने में मदद कर पाएं।

### पैल लैब्स लैब स्थापित करने पर विचार कर रहा हिमाचल

**राजेश** शर्मा ने कहा कि हिमाचल स्कूली शिक्षा में तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। तकनीक की मदद से बच्चों के सीखने की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। यही नहीं हिमाचल अस्समेंट में भी तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। समग्र शिक्षा प्रदेश में पैल लैब्स स्थापित करने पर विचार कर रहा है। उत्तर प्रदेश में पैल लैब्स सफलतापूर्वक स्कूलों में लागू की गई हैं। वहां इसके बेहतर रिजल्ट भी देखे जा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल भी इस दिशा में विचार किया जा रहा है। पैल लैब्स स्थापित करने के लिए प्रपोजल तैयार कर नीति आयोग के समक्ष रखा जाएगा।

**काम** आरंभ करने में देर न करो और अगर काम शुरू कर दिया है तो उसे पूरा करके ही छोड़ो। –विनोबा भावे

## संपादकीय

# सरकार को संजीवनी


हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम यानी एचपीटीडीसी के नौ होटलों को बंद न करने का आदेश देकर हाईकोर्ट ने सुक्खू सरकार को बहुत बड़ी राहत पहुंचाई है। चूंकि पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है और पर्यटन कारोबार के जरिए सरकार को चलाने के खर्चे इसी से ही निकलते हैं। पूर्व में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की ओर से घाटे में चल रहे पर्यटन निगम के 18 होटलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन अब हाईकोर्ट ने इनमें से आधे यानी नौ होटलों को बंद न करने का निर्णय लेकर सरकार को बहुत बड़े संकट से उभारा है। हालांकि, हाईकोर्ट ने पर्यटन विकास निगम के नौ होटलों को 31 मार्च 2025 तक ही खुले रखने मोहल्लत दी है। बेशक यह अवधि बहुत कम है, लेकिन इस दौरान अगर सरकार इन होटलों को मुनाफे में ले आती है तो दोबारा हाईकोर्ट से गुहार लगाकर स्थायी रूप से बहाली करवा सकती है, लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसके लिए सरकार को सबसे पहले पर्यटन निगम के होटलों की दशा सुधारनी होगी तथा आधारभूत ढांचे में व्यापक बदलाव करना होगा। साथ ही पर्यटकों को ठहरने के लिए अच्छे पैकेज देने होंगे और इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करना होगा। होटलों में किस तरह की सुविधाएं दी जाएंगी इसका उल्लेख भी स्पष्ट रूप से करना होगा तभी ज्यादा से ज्यादा पर्यटक निगम के होटलों में ठहरने के लिए आकर्षित होंगे।

एचपीपीटीसी ने हाई कोर्ट के आदेश में संशोधन के लिए आवेदन दिया था। यह बताया गया था कि 18 में से नौ होटल फायदे में हैं। हालांकि, उनमें ऑक्यूपेंसी 40 प्रतिशत से कम है। हाईकोर्ट को सरकार के इस तर्क में दम लगा और उसकी एवज में सरकार के हक में फैसला सुनाया। इन होटलों के संबंध में 19 नवंबर के आदेश की निरंतरता की समीक्षा उसके बाद इनके प्रदर्शन के आधार पर की जाएगी। शेष नौ होटल 25 नवंबर से बंद रहेंगे। 31 मार्च तक एचपीपीटीसी के जो होटल खुले रहेंगे उनमें–द पैलेस होटल चायल, होटल चंद्रभागा केलांग, होटल देवदार खज्जियार, होटल मेघदूत क्यारीघाट, होटल लॉग हट्स मनाली, होटल कुंजम मनाली, होटल भागसू मैक्लोडगंज, द कैसल होटल नग्गर और होटल धौलाधार धर्मशाला शामिल हैं। एचपीटीडीसी को घाटा पहुंचाने में कई सरकारी और निजी एजेंसियां भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। एक तरफ ये होटल घाटे में चल रहे हैं तो दूसरी तरफ जो लोग इनमें ठहरते हैं और खाते हैं वह बिलों का भुगतान ही नहीं करते। इन होटलों को सरकारी की तरह ही ट्रीट किया जाता है और बिलों को पेंडिंग कर दिया जाता है। इसमें कसूरवार निश्चित रूप से होटलों का प्रबंधन ही है, जो सख्ती से काम नहीं लेता है और उधारी पर सारी सुख सुविधाएं उपलब्ध करवाता रहता है। यह वाकई हैरानीजनक पहलू है कि सालों से करोड़ों रुपए का भुगतान निगम को नहीं हो रहा है।

सरकारी विभागों और एजेंसियों के अतिरिक्त सबसे बड़ी 21.96 लाख रुपए की देनदारी सीबीआई टीम की बोर्डिंग और लॉजिंग की है। यह पेंडेंसी तब की है जब शिमला जिले में गुड़िया रेप एंड मर्डर केस उजागर हुआ था। जांच के सिलसिले में सीबीआई होटल पीटरहॉफ में रुकती रही और बिल सरकार के खाते में जुड़ते रहे। इसके अलावा निगम ने सरकारी और निजी क्षेत्र से करीब अढ़ाई करोड़ रुपए वसूल करने हैं। निगम अधिकारियों को चिट्ठियां भेजकर थक चुका है, लेकिन ये भुगतान अभी तक नहीं हो पाए हैं। हालांकि, कुछ सख्ती दिखाने के बाद निगम ने 17 दिन में 2.69 करोड़ वसूले हैं, जो वाकई काबिलेतारफ है। यह रिकवरी भी हाईकोर्ट की ओर से कड़ा संज्ञान लेने के बाद ही हुई है। निगम ने 31 अक्तूबर 2024 से 7 नवंबर के बीच 2,15,29,773 रुपए रिकवरी कर कर ली है। 7 नवंबर से 17 नवंबर के बीच 54,27,813 रुपए वसूल किए। कुल मिलाकर 17 नवंबर तक 2,69,57,586 रुपए वसूल लिए हैं। निगम का 31 दिसंबर 2024 तक सरकारी विभागों और उपक्रमों के पास 4,13,41,848 रुपए बकाया था। एक तरह से हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट आर्थिकी तंगी में फंसी सुक्खू सरकार की सहायता ही कर रहा है। सरकार को हाईकोर्ट का एहसानमंद होना चाहिए कि उसकी सख्ती के बाद सरकार के खाते में पैसे आए। साथ ही पर्यटन निगम के नौ होटलों को बंद न करने का फैसला देकर हाईकोर्ट ने सरकार को संजीवनी दी है। अब सरकार को चाहिए कि वह इस संजीवनी संभाल कर रखे और भविष्य में अपनी कार्यशैली में बदलाव लाए। ■

# सृजन ही सृष्टि का सार, विध्वंस नहीं स्वीकार

यह दिव्य सृष्टि सृजनकारी शक्ति से ही उत्पन्न हुई है और वह सृजन शक्ति केवल मात्र एक हो सकती है, अनेक नहीं। पृथ्वी पर जीवन संभव है और यह अनोखा ग्रह है जिस पर जीवन यापन के लिए सभी आवश्यक और अनिवार्य तत्व असीमित रूप में उपलब्ध हैं। संसार के सभी धर्मों में यह बात सर्वमान्य है कि सृष्टि का सृजन किसी दिव्य और अलौकिक शक्ति से हुआ है। इसमें कोई संदेह नहीं। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यवहारिक है कि संपूर्ण ब्रह्मांड के लिए केवल मात्र ऊर्जा का स्रोत सूर्य है और यह एक ही है, चन्द्रमा का अस्तित्व केवल मात्र एक ही है। जो मानव मात्र के लिए प्रकृति का और दिव्य शक्ति का अद्वितीय संदेश है कि जब प्रकृति ने सैद्धांतिक और व्यवहारिक रूप से पूरी सृष्टि के लिए एक ही सूर्य और एक ही चंद्रमा का सृजन किया है और हम इस धरा पर सभी प्राणी एक ही सूर्य और चंद्रमा से ऊर्जा और प्रकाश ग्रहण कर रहे हैं, तो फिर प्राणियों में भेद कैसे हो सकता है? यह सृष्टि का हमारे लिए अनमोल संदेश है।



लेखक : विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक



आज संसार के किसी भी कोने में हो रही कोई भी घटना पूरे विश्व को प्रभावित किए बिना नहीं रह सकती। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि सृष्टि में सृजनात्मक शक्ति से ही सहयोग और समन्वय स्थापित किया जा सकता है। विध्वंसक और विघटनकारी शक्तियों से संसार का न तो कभी भला हुआ है और न ही भविष्य में हो सकता है।

आज विश्व परमाणु अस्त्र शस्त्रों की होड़ में और प्रयोग में इतना महत्व दे रहा है कि विश्व के शक्तिशाली राष्ट्रों में आपसी मतभेद पैदा हो कर मानवता के विनाश का द्वार खोल रहें हैं। जो कि मानवता की दृष्टि से अत्यंत विनाशकारी परिणाम उत्पन्न करेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। हम सभी को और विशेषत: उन हस्तियों को जिनके हाथ में शक्ति की बागडोर है, यह बात अवश्य ही ध्यान में रखनी चाहिए कि शक्ति का उपयोग सृजनात्मक कार्यों के लिए किया जाना चाहिए ताकि विश्व में सद्भावना और सहयोग की भावना विकसित हो सके। विघटनकारी शक्तियों के कारण पूरे विश्व का वातावरण कलुषित और कष्टकारी हो रहा है। मानव ही मानवता का दुश्मन बन रहा है और अहंकार ने मानव बुद्धि और विवेक पर पर्दा डाल दिया है। मानवता आपसी सद्भाव के लिए तरस रही है। मानव जीवन जीने योग्य नहीं रह गया है। नकारात्मक शक्तियां मानव मन और मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डाल रहीं हैं।

वर्तमान समय में धरती पर मानव अस्तित्व को बनाए रखने और बचाने के लिए को कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। यद्यपि मानव ने भौतिक सुख सुविधाओं और ऐशो आराम के लिए की प्रकार के साधनों का आविष्कार कर लिया है परंतु यह सब मानव की आंतरिक शांति और सुखमय जीवन के लिए नाकाफी हैं।

मानव अपने जीवन में आवश्यकता से अधिक भौतिकवादी हो गया है, जबकि हकीकत यह है कि ये सभी साधन सिर्फ बाहरी सुविधाएं तो प्रदान कर सकते हैं परंतु भीतर की शांति और संतोष नहीं। अचरज यह होता है कि दुनिया को युद्धों में धकेलने वाले लोग स्वयं आलीशान जिंदगी जीते हैं और हर प्रकार की सुरक्षा और सुख सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन जीते हैं, परंतु युद्ध, आतंकवाद, धार्मिक उन्माद और कट्टरवाद से जो लोग प्रभावित होते हैं, वो हालात से मजबूर, असहाय और लाचार लोग होते हैं। जो मानवीय संवेदना और मानवाधिकार से वंचित रह जाते हैं। वर्तमान समय में हमारे देश और प्रदेश की अगर बात करें तो धार्मिक कट्टरवाद, हिंसा और युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में धकेलने वाले लोग संवेदना से हीन और मानवता के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने चाहिए, जो चंद पैसे के लालच में समाज को और विशेषत: युवा पीढ़ी को काल का ग्रास बना रहे हैं, जिनका पालन पोषण उनके माता–पिता ने बड़ी उम्मीदों और आशाओं से किया होता है। परंतु अज्ञानतावश और जागरूकता की कमी के कारण वे अपने जीवन को नारकीय स्थिति में धकेलने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में धकेलने वाले लोग निस्संदेह ही मानवता के लिए विध्वंसक साबित हो रहें हैं। अत: वर्तमान समय में हम सभी का यह उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण एक दायित्व भी है कि हम मानवता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। संसार के इतिहास में हम सभी ने देखा है कि जिस भी मानव ने सृष्टि की मूल सृजनात्मक शक्ति को विध्वंस करने की कोशिश की है, वो चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो उसका अंत अत्यंत ही भयावह और दुष्कर ढंग से हुआ है।

आज समाज में हर स्तर पर विध्वंसक शक्तियां कदम कदम पर मानव अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रही हैं। सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को नजरंदाज करके सिर्फ भौतिक संपत्ति अर्जित करने के लिए और मानव जीवन को घोर संकट में डालने कार्य कर रहीं हैं फिर वो चाहे धार्मिक कट्टरवाद हो, आतंकवाद हो, भ्रष्टाचार हो या युवाओं को नशे के गर्त में धकेलने का कारोबार, सभी सृष्टि की मूल भावना के खिलाफ हैं और प्रकृति सर्वोच्च सत्ता है, मानव का अस्तित्व प्रकृति के साथ सामंजस्य पर ही सुनिश्चित और निर्भर है। अत: मानवता के नाते हम सभी का धर्म भी है और दायित्व भी कि जीवन के प्रत्येक स्तर पर हम रचनात्मक और सृजनात्मक भूमिका निभाने का प्रयास करें और विध्वंसक विचारों और भावनाओं से दूर होकर, इस सृष्टि को प्रकृति की इच्छा अनुसार जीवन जीने योग्य बनाएं ताकि संसार में सभी का जीवन सुखमय और खुशहाली परिपूर्ण बन सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# तकनीकी दुनिया में विज्ञान लेखन के मायने

तकनीकी दुनिया से अतिरिक्त विषयों पर बहुधा लेखन होता है। आजकल अधिकांशत: कई समाचार पत्रों में विज्ञान लेखकों ने विज्ञान के कई विषयों को सामान्य पाठकों के लिए रोचक, लोकप्रिय तथा बोधगम्य बना दिया है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कथा–साहित्य के लेखकों द्वारा भी तकनीकी विषयों पर लेखन करने से उनकी प्रमाणिकता हो जाती है। वस्तुत: कुछ वर्ष पूर्व की विज्ञान कथा आज का वास्तविक विज्ञान बन चुका है। अच्छे कथा–साहित्यकार द्वारा रचित साहित्य उनके तकनीकी ज्ञान एवं समुचित शब्द प्रयोग पर निर्भर करता है। कभी–कभी कथा साहित्यकारों द्वारा सृजित साहित्य तकनीकी दृष्टि से इतना सही होता है कि पाठक मूल विज्ञान व कथा में भेद नहीं कर सकता है। अच्छा तकनीकी लेखन तर्कसंगत, संगठित, विशुद्ध तथा रोचक होता है।

यह व्याकरण की दृष्टि से सही होता है जो पाठकों के लिए अच्छी पठनीय सामग्री बन जाता है। बहुत बार विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लोग अपना अच्छा–खासा समय तथा धन किसी समस्या के समाधान हेतु नए तरीके मुंबई स्थित हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद् वैज्ञानिक तथ्यों एवं आविष्कारों से जनसाधारण को परिचित कराकर ही देश एवं समाज के स्तर को उन्नत बनाया जा सकता है और इसके लिए जनसामान्य द्वारा बोली एवं समझी जाने वाली भाषा हिंदी एक उचित माध्यम है। इसी सोच की परिणीति के रूप में आज से लगभग 54 वर्ष पूर्व 'हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद' का गठन हुआ।



हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद का उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रगति के साथ–साथ राष्ट्र व समाज के समुचित विकास के लिए वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं गतिविधियों का प्रचार–प्रसार करना तथा वैज्ञानिक चिंतन एवं जागरूकता हेतु एक मंच तैयार करना परिषद् ने इन साढ़े चार दशकों में विज्ञान भावना के कई नए आयाम स्थापित किए हैं। संस्था द्वारा 'वैज्ञानिकपत्रिका' का विगत 56 वर्षों से अनवरत प्रकाशन परिषद् की सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी उपलब्धि रही है।

'वैज्ञानिक' के संपादन एवं व्यवस्थापन से जुड़े केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपने मूलवैज्ञानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रति प्रतिबद्धता, प्रेमएवं सर्मपण के कारण 'वैज्ञानिक' पत्रिका के संपादन व लेखन कार्य करते रहे हैं जो अपने आप में एक मिसाल तथा स्तुत्य प्रयास है। आज 'वैज्ञानिक' प्रत्रिका राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। पत्रिका की लोकप्रियता का आलम यह है कि देशभर के वैज्ञानिकों के लेख इसमें निरंतर प्रकाशित होते रहते हैं और देश के लगभग सभी वैज्ञानिक व शैक्षाणिक संस्थानों में इसकी प्रति प्रेषित की जाती है।

वैज्ञानिक प्रत्रिका आज भी गुणवत्ता पूर्ण लेखों को समावेश कर सफलतापूर्ण तरीके से निकल रही है पत्रिका के वर्तमान मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र है जो बधाई के पात्र है इसके साथ ही संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, केके वर्मा, डॉ. संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक, सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बीएन मिश्र, अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

**मौसम** बदल रहा है सावधान हो जाइए, आजकल डॉक्टर ऐसी ही सलाह लोगों को दे रहे हैं। वजह, वायरल संक्रमण की वजह से तेज बुखार, बदन दर्द और खांसी–जुकाम के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। बड़ी बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी–जुकाम हो जाए, तो उसके आसपास के स्वस्थ लोग भी इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली के कई अस्पताल में बड़ी संख्या में डेंगू के संदिग्ध मरीज भी आ रहे हैं। यदि इनका समय रहते उपचार न लिया तो कई बार स्थिति गंभीर भी बन सकती है। ऐसे में खुद का बचाव बेहद जरूरी है। अब सवाल है कि आखिर सर्दी–जुकाम और वायरल फीवर से बचा कैसे जाए? इस पर ध्यान रखें और ऐसे समय में हर किसी को पीने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करना चाहिए। **निशा, गगल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरुओं में से एक

**सत्य** साईं बाबा भारत के बेहद प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे। आज दुनिया जिन्हें सत्य साईं बाबा के नाम से जानती है, उनके बचपन का नाम 'आर. सत्यनारायण राजू' था। सत्यनारायण राजू साईं बाबा के बहुत ही बड़े भक्त थे। उनके गांव में ही 23 नवंबर, 1950 को 'साईं धाम' की स्थापना की गई थी। सत्य साईं बाबा ने आध्यात्म की शिक्षा ग्रहण की और यह संदेश दिया कि सभी से प्रेम करो, सब की सहायता करो और किसी का भी बुरा मत करो। सत्य साईं का जन्म भारत में आंध्र प्रदेश के छोटे–से गांव गोवर्धन पल्ली में हुआ था। इसी जगह को आज पुट्टापर्थी के रूप में जाना जाता है। वे बचपन से ही बड़े बुद्धिमान और दयालु स्वभाव के थे तथा प्रमाणित और आदर्श गुणवत्ता के कारण अपने गांव के अन्य बच्चों से भिन्न थे। ऐसा कहा जाता है कि वे बचपन में ही चमत्कार दिखाने लग गए थे, हवा से मिठाई और खाने–पीने की दूसरी चीजें पैदा कर देते थे। ऐसा माना जाता है कि जब वह मात्र 14 वर्ष के थे, तब उन्हें बिच्छू ने काट लिया। उसके बाद उनका व्यवहार ही बदल गया। वह हंसते–हंसते अचानक रोने लगते। कभी–कभी संस्कृत के श्लोक बोलने लगते। 23 मई, 1940 को उन्होंने अपने आप को शिरडी के साईं बाबा का अवतार घोषित कर दिया। वास्तव में जब सत्य साईं बाबा का जन्म हुआ, उसके 8 वर्ष पहले ही शिरडी के साईं बाबा का देहांत हो चुका था। 86 वर्षीय साईं बाबा को हृदय और सांस संबंधी तकलीफों के बाद 28 मार्च, 2011 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। हालत नाजुक होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। लो ब्लड प्रेशर और यकृत बेकार होने से उनकी हालत और चिंताजनक हो गई थी। उनके शरीर के लगभग सभी अंगों पर दवाइयां बेअसर साबित होने लगी थीं। 24 अप्रैल, 2011 की सुबह 7:40 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। ■



**सत्य साईं बाबा**
**जन्म** : 23 नवंबर, 1926
**मृत्यु** : 24 अप्रैल, 2011

कविता

## मिथ्या हैं सब रिश्ते नाते



शिव राज सन्याल

*आज तमाशा दूर से देखें, दुख सुख में न काम आते।*
*कहने को तो लगते अपने, मिथ्या हैं सब रिश्ते नाते।*
*आज पैसा मीत बना है, अहंकार में डूबे रिश्ते,*
*शान अपनी धूमिल समझें, निर्धन रिश्ते नहीं हैं भाते।*
*पीड़ा अपनी सब को प्यारी, पीर पराई कौन है जाने,*
*कौन दुख में हाथ बंटाता, पौंछ ले आंसू नीर बहाते।*
*भाई भाई दुश्मन बनते, अरमानों पर चलती आरी,*
*एक मात के जाए बेटे, मन कुंठित हैं क्यों बन जाते।*
*रेत से अब ढह रहे हैं, सींचे थे जो दिल से रिश्ते,*
*निंदा चुगली पल–पल करते, रिश्ते अपने नहीं सुहाते।*
*मेरा मेरी सब को पड़ी है, कौन किसी का दर्द जाने,*
*रिश्तों की मर्यादा भूली, कौन यहां रिश्ते हैं निभाते।*
*स्वार्थ के सब रिश्ते नाते, यह सब कलयुग की माया,*
*अपना बनके अपना ठगते, पीठ पीछे हैं घात लगाते।*
*सदा सुथरी सोच रखिये, सब को अपना मीत बनाओ,*
*दो दिन की जिंदगी प्यारे, बीत जाए बस हंसते गाते।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बसपा के लिए फिर बुरा सपना तो साबित नहीं होंगे उपचुनाव

उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में भाजपा और समाजवादी पार्टी में किसको कितनी सीटें मिलेंगी, इसको लेकर तो चर्चा हो सकती है, परंतु उपचुनाव में जिस तरह का मतदान देखने को मिला उससे यही लगता है कि बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर हासिये पर ही खड़ी नजर आई। किसी भी सीट पर बसपा फाइट करती नहीं दिखी। बसपा सुप्रीमो मायावती के लिए लगता है अब आगे की राह आसान नहीं रह गई है।



लेखक : संजय सक्सेना
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इसका मुख्य कारण यह भी है कि बसपा का कोर वोटर कहलाने वाले दलितों ने अब भाजपा–सपा के रूप में अपनी नहीं मंजिल चुन ली है। इसी वजह से कमोबेश सभी जगह बसपा मुख्य लड़ाई से गायब दिखी, जिसके चलते भाजपा और सपा सीधी लड़ाई में आ गए हैं। बसपा की तरह ही चंद्रशेखर आजाद की आजाद पार्टी भी कोई गुल खिलाते नहीं दिखी है। कई सीटों पर दलित मतदाता मुख्य रूप से भाजपा–सपा के बीच बंटे हुए दिखाई दिए, जिसने बीजेपी–सपा के जीत के आकड़े को थोड़ा उलझा दिया है, जिसके पक्ष में दलित मतदाता ज्यादा जाएगें, परिणाम उसी के पक्ष में रहेगा।

सबसे बड़ी बात यह रही कि मुरादाबाद की मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी में भाजपा मुस्लिम मतों में सेंध लगाते हुए दिखी, जिसे काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। उधर, कानपुर की सीसामऊ में सपा और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर होने को अनुमान है। यहां के करीब 5.0 मतदान केंद्रों में से आधे से ज्यादा में बसपा प्रत्याशी का बस्ता नहीं दिखा। समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी के कटेहरी उपचुनाव में मतदान से पहले की स्थिति कुछ और थी। तब मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा था। संभावना थी कि बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा अपने सजातीय मतों में सेंधमारी कर सपा को तगड़ी चोट देंगे, लेकिन मतदान के दौरान ऐसा प्रतीत नहीं हुआ। अंत में भाजपा के धर्मराज निषाद और सपा की शोभावती वर्मा के बीच ही सीधा मुकाबला दिखा। हां, बसपा का प्रदर्शन कमल व साइकिल का संतुलन बिगाड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार बसपा ने अपने पारंपरिक वोटों के साथ ही जातिगत समीकरण को साधा तो सपा का गणित बिगड़ सकता है। यहां सीधा मुकाबला सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव और भाजपा प्रत्याशी अनुजेश सिंह में रहा।



मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में कई जगह पुलिस और वोटरों के बीच नोंकझोंक होते दिखी। अति पिछड़ा वर्ग और जाट मतों की अधिकता वाले गांव में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में रुझान नजर आया। भोकरहेड़ी, करहेड़ा, बेलड़ा समेत अन्य गांवों में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं की लामबंदी दिखी। मुस्लिम मतों की अधिवक्ता वाले ककरौली, सीकरी, मीरापुर, जटवाड़ा, जौली में सुबह मुस्लिम मतदाता सपा, बसपा और आसपा के बीच बंटते नजर आए। ककरौली में पथराव के बाद मुस्लिम मतों की लामबंदी सपा प्रत्याशी के समर्थन में अधिक दिखी। बीजेपी और समाजवादी पार्टी के अपनी–अपनी जीत के दावों के बीच चुनाव आयोग ने उप चुनाव के वोटिंग प्रतिशत की भी जानकारी दे दी है। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर सबसे ज्यादा मतदान हुआ है तो सबसे कम वोटिंग गाजियाबाद सीट पर रही।

मीरापुर सीट पर 57.1 फीसदी, कुंदरकी में 57.7 फीसदी, गाजियाबाद में 33.3 फीसदी, खैर में 46.3 फीसदी, करहल में 54.1 फीसदी, सीसामऊ में 49.1 फीसदी, फूलपुर में 43.4 फीसदी, कटेहरी में 56.9 फीसदी और मझवां में 50.4 फीसदी मतदान हुआ। इस तरह किसी भी सीट पर मतदान 60 फीसदी का आंकड़ा पार नहीं कर सका। वहीं, 2022 के विधानसभा चुनाव में हुए वोटिंग के लिहाज से देखें तो उपचुनाव वाली 9 सीटों पर 62.14 फीसदी मतदान हुआ था। सीसामऊ में 56.85 फीसदी, खैर सीट पर 60.80 फीसदी, कुंदरकी सीट पर 71.26 फीसदी, मीरापुर सीट पर 68.65 फीसदी, करहल सीट पर 66.11 फीसदी, गाजियाबाद सीट पर 51.77 फीसदी, कटेहरी सीट पर 62.5 फीसदी, फूलपुर सीट पर 61.1 फीसदी और मझवां सीट पर 60.3 फीसदी वोटिंग हुई थी। तब सपा ने चार, बीजेपी ने तीन, आरएलडी ने एक और एक सीट निषाद पार्टी ने जीती थी। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# काल भैरव को काशी से मिली ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति

हिंदू चिंतन के अनुसार सृष्टि का निर्माण त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा,विष्णु व महेश द्वारा किया माना जाता है, जिसमें देव ब्रह्मा को सृष्टि का निर्माता,भगवान विष्णु को पालन हार(देख रेख करता)व देव महेश को सारी सृष्टि का संहार कर्ता कहा जाता है। शिव पुराण के अनुसार देव सदा शिव व (उन्हीं द्वारा रचित ) आदि शक्ति(मां दुर्गा )के मिलन से ही इन तीनों देवों की उत्पति बताई गई है। वहीं ब्रम्ह वैवर्त पुराण के में, भगवान श्री कृष्ण को ही त्रिदेव के अवतरण का मुख्य स्त्रोत बताया गया है।



लेखक: डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

इतनी बड़ी सृष्टि से संबंध रखने वाले इन तीनों (ब्रह्मा, विष्णु व महेश) देवताओं का आपस में किसी बात पर तार्किक विवाद होने लगता है और तीनों ही अपने आप को एक दूसरे से श्रेष्ठ व बड़ा बताने लगते हैं। देव ब्रह्मा अपने आप को सृष्टि का निर्माता होने के कारण अपना तर्क रखते हैं, जब कि भगवान विष्णु देव ब्रह्मा की उत्पति को अपनी नाभि से बता कर, अपने आप को उसका जन्मदाता होने का तर्क रखते हैं। विवाद इस तरह से बढ़ने लगता है, जिस पर बाद में सभी देवी–देवताओं की एक बैठक में बात को रखा जाता है। देवी–देवताओं ने विचार–विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से देव शिव को सबसे महान व बड़ा बता कर विवाद को खत्म कर दिया, जिसे भगवान विष्णु सहित सभी देवताओं ने कबूल कर लिया, लेकिन देव ब्रह्मा को इस निर्णय से भगवान शिव के प्रति ईर्ष्या होने लगी, फलस्वरूप देव ब्रह्मा भगवान शिव के प्रति बुरा भला कहने लगे।

इस पर भगवान शिव को क्रोध आ गया और उनसे नहीं रहा गया, तो उन्होंने अपने तेज से काल भैरव की उत्पति कर दी। उसी उग्र दंडधारी काल भैरव ने आवेश में आकर देव ब्रह्मा का यह सिर ही काट दिया। जिस पर देव ब्रह्मा को अपनी गलती का अहसास हो गया और फिर वह भगवान शिव से क्षमा याचना करने लगे। शिव भोले ने देव ब्रह्मा को क्षमा कर दिया, लेकिन काल भैरव पर ब्रह्म हत्या का दोष लग चुका था, इसलिए उसे इस दोष से मुक्ति पाने के लिए भगवान शिव ने उसे समस्त तीर्थों का भ्रमण करने को कहा।



भगवान शिव के कहे अनुसार काल भैरव तीर्थों का भ्रमण करते–करते काशी पहुंच गया जहां उसे ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति मिल गई। काल भैरव का मंदिर आज भी काशी में देखा जा सकता है। काशी विश्वा नाथ (भगवान शिव) के दर्शनों के पश्चात ही लोग काल भैरव (महाकाल )मंदिर के दर्शनों के लिए जाते हैं और काल भैरव को वहां पर काशी के कौतवाल के नाम से जाना जाता है, क्योंकि काशी की रक्षा और देखभाल का जिम्मा इन्हीं के सुपुर्द है। काल भैरव की पूजा–अर्चना से सभी तरह दु:ख दर्द, डर और आने वाली मुसीबतें दूर होती हैं। शत्रुओं पर विजय पाने, किसी भी तरह के रोग आदि से मुक्ति व ग्रहों से भी छुटकारा मिल जाता है। काल भैरव की पूजा–अर्चना में धूप, काले तिल, दीपक, उड़द व सरसों के तेल आदि के साथ ही काले कुत्ते को मीठी रोटी डाली जाती है। क्योंकि काल भैरव का अवतरण कृष्ण पक्ष के अष्टमी वाले दिन हुआ था इस लिए दूसरे दिन काल अष्टमी मनाई जाती है।

काल अष्टमी की पूजा–अर्चना से पूर्व सुबह स्नान आदि से निवृत्त हो कर गंगा जल से शुद्धि कर लेनी चाहिए। इसके पश्चात किसी साफ सुथरे पटड़े पर काल भैरव की प्रतिमा या चित्र स्थापित करना चाहिए। प्रतिमा को सफेद चंदन से तिलक करके काल भैरव का अष्टक पाठ करना होता है।ये पूजा सूर्य अस्त के पश्चात ही की जाती है। रात्रि के समय जागरण,भजन कीर्तन व अगले दिन पूजा के पश्चात व्रत खोला जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना में निकाली भव्य शोभायात्रा



**ऊना।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा जी के 99वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा गीता मंदिर मेन बाजार ऊना से निकाली गई। अतः इस शोभा यात्रा में भक्तजनों ने भाग ले पुण्य के भागीदार बने और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### स्कूल के समीप भांग के पौधे उखाड़े



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए स्कूल ग्राउंड व आसपास उगे भांग के पौधों को उखाड़ा तथा कांटेदार झाड़ियों की कांट छांट की 7 इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट, एन एस एस प्रभारी अजीत कुमार, महिला प्रभारी अनीता रानी तथा कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### कृषि सहकारी सभा बंडा का चुनाव परिणाम घोषित

**विनोद शर्मा, लठियानी।** दी बंडा कृषि सरकारी सभा का चुनाव का चुनाव मतदान होने के पश्चात परिणाम घोषित कर दिए। सहकारी सभा के सचिव अमन पाल ने बताया कि वार्ड नंबर 2 में कुल 235 मत पड़े,किशोरी लाल 94 और रजनी देवी 140एवं एक मत अमान्य, वार्ड नंबर 5 में कुल 170 मत पड़े,अंकित शर्मा 100 ,अजय कुमार 49 एवं बलदेव राज 21 , वार्ड नंबर 6 में कुल 131 मत पड़े, अशोक कुमार 44 राकेश सिंह राणा 87 , वार्ड नंबर 7 कुल 116 मत पड़े, सरोज कुमारी 78 एवं मधुबाला 38, मत पड़े। सभा कार्यकारिणी के 5 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात यह चुनाव करवाए जा रहे हैं। अब नई कार्यकारिणी का गठन जल्द ही किया जाएगा।

### रजनीश को सेवानिवृत्ति के बाद मिला सेवा विस्तार



**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रधान अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना रजनीश शर्मा को प्रदेश सरकार ने सराहनीय सेवाएं देने के चलते सेवा विस्तार दिया है।सरकार की ओर से सेवा विस्तार की नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है। जिसके तहद रजनीश शर्मा हरोली विकास खंड में पहले की तरह अपने पद पर तैनात रहेंगे। बता दें रजनीश शर्मा 31 अक्टूबर 2024 को हरोली विकास खंड से सेवानिवृत हुए थे। इनका सेवाकाल बेहतर व सराहनीय रहा है। क्षेत्र में विभागीय गतिविधियों बढ़ने से विकास को चार चांद लगे हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने इनको सेवा विस्तार दिया है। जिला प्रधान होने के नाते रजनीश शर्मा ने ओल्ड पैंशन लागू होने पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कर्मचारी सम्मेलन भी गांव बाथू में करवाया था। कर्मचारीयों की विभिन्न समस्याओं को भी समय समय पर सरकार के समक्ष उठाया है जिसके सकारात्मक परिणाम निकले हैं। जिला कर्मचारी संघ ने भी सेवा विस्तार के लिए सरकार का आभार जताया है वहीं ग्राम पंचायतों के प्रधान सुरेखा राणा, विकी राणा नन्द किशोर ,गुरमुख राणा, रमन कुमारी, सुभद्रा देवी, नीलम देवी, नीलम राणा, मेहताब ठाकुर व नीलम मनकोटिया आदि ने रजनीश के सेवा विस्तार के लिए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का धन्यवाद किया और जनहित में लिया गया निर्णय बताया है।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही

## कुटियाला और अरलू स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह, बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक विवेक

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र का कुरियाला गांव कांग्रेस पार्टी का बहुत बड़ा गढ़ है और जब कभी मुझे या मेरे परिवार को चुनाव लड़ने का मौका मिला है, तब तब उक्त गांव से हमें सौ प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। उसके लिए मैं सदा कुरियाला गांव का आभारी रहूंगा। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुरियाला ओर अरलू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के बाद संबोधन में कहे।



मेधावी बच्चों के साथ कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से कुछ अलग और कुटलैहड़ विस क्षेत्र को भी शिक्षा का मॉडल बनाने के लिए हाल ही में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कुछ सरकारी स्कूलों के नवनिर्माण खेल मैदान एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है। इनमें कुटलैहड़ के पांच सरकारी स्कूलों के लिए 70 लाख अलग खेल मैदानों के लिए मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से स्वीकृत हुए हैं।

विवेक ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए हम हर समय प्रयासरत हैं, लेकिन कुटलैहड़ के सभी सरकारी स्कूलों के स्टाफ को केवल पढ़ाई पर फॉक्स करना होगा ताकि जब बोर्ड के परिणाम निकलें तो कुटलैहड़ विस क्षेत्र के छात्र राज्य और देश में टॉपर बने। मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच से शिक्षा का क्षेत्र ऊंचाइयों को छू रहा है और मेरा कुटलैहड़ भी उससे पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए कड़े फैसले अब सार्थक परिणाम दे रहे हैं और सुख आश्रय योजना अब उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो या तो अनाथ या अपंग है या फिर जिन बच्चों की पढ़ाई का खर्च परिवार बहन नहीं कर सकता है।

विधायक ने कहा कि अब राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक और बढ़ा फैसला लेने जा रही है, जो परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं और जो बच्चों की पढ़ाई का खर्च नहीं दे सकते हैं। राज्य सरकार की तरफ से अब उन परिवारों को एक हजार रुपए प्रति माह मिलना शुरू होगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हमने अपने पांच माह के विधायक कार्यकाल में किसी शिक्षक का न कोई तबादला किया है और न ही हमने ट्रांसफर करने की सोची है। हमारा एक ही लक्ष्य है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं में हिमाचल में प्रथम स्थान पर पहुंचे और यह सब आप सभी के सहयोग से संभव होगा।

वहीं, स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा का स्कूल स्टाफ एवं अभिभावकों ने जोरदार स्वागत किया और मंच से मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भांगड़ा और पहाड़ी गीतों ने पंडाल से खूब वाहवाही लूटी। वहीं, स्कूल प्रिंसिपल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और स्कूल की जो भी मांगे उन्होंने रखीं, वे मुख्यातिथि विवेक शर्मा द्वारा सभी पूरी की गईं। कुरियाला स्कूल के विकास कार्यों के लिए 13 लाख जिसमें चारदीवारी के लिए दो लाख, स्टेज के लिए एक लाख, इंटर लॉक के लिए दो लाख, शौचालय के लिए तीन लाख एवं अन्य निर्माण के लिए पांच लाख और अरलू स्कूल की विकास कार्यों के लिए चार लाख की धनराशि स्वीकृत की।

स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अपनी तरफ से 5100 रुपए और प्राइमरी को 2100 रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा की धर्म पत्नि मृदु शर्मा, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता विजय डोगरा, उपनिदेशक राजेंद्र कौशल, उपप्रधान झबर जीवन शर्मा, स्कूल प्रिंसिपल के अलावा स्कूल स्टाफ, अभिभावक और पंचायतराज और प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### बैंक खातों में डलेगी पूर्व सैनिकों की विधवाओं की पेंशन

**ऊना।** भूतपूर्व सैनिकों व सैनिक विधवाओं को राज्य सरकार द्वारा दी जानेवाली आर्थिक सहायता व पैंशन बैंक खाते के माध्यम से दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लै. कर्नल एसके कालिया ने बताया कि इससे पहले यह पैंशन डाक द्वारा मनीआर्डर के रूप में राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती थी। अब सरकार ने इन पेंशनभोगियों को पेंशन का भुगतान बैंक के माध्यम से करने का निर्णय लिया है।

इस कारण जिला ऊना से संबंधित समस्त भूतपूर्व सैनिकों व वृद्धावस्था पेंशनधारकों से अपील की है कि वे अपना बैंक का खाता नंबर, आईएफएससी कोड व अपना मोबाइल नंबर सहित उपनिदेशक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ऊना में उपलब्ध करवाएं ताकि भविष्य में पेंशन की राशिसीधे बैंक खाते में डाली जा सके। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 01975 -226090 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक 28 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक 28 नवंबर को पूर्वाह्न 11.30 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष करेंगी। जिला पंचायत अधिकारी एवं सचिव, जिला परिषद ऊना, श्रवण कुमार ने बताया कि बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, आय-व्यय का अनुमोदन, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कार्य योजनाओं में बदलाव तथा अनुपूरक कार्य योजनाओं का अनुमोदन जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित मामलों और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और सदस्यों से निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### हटली के रिवाड़ में आचार्य डॉ. सुमन कर रहे अमृत वर्षा, उमड़ रही भीड़

## भगवान के प्रति व्यक्ति में सेवाभाव होना जरूरी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत हटली के गांव रिवाड़ के नरेश शर्मा के निवास स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने भगवान और भक्त के बारे में विस्तार से बताया। कथा व्यास में कहा कि श्री भगवान के प्रति व्यक्ति में सेवा की भावना होनी चाहिए, ठाकुर जी खुद अपनी सेवा और पूजा-अर्चना करवाते हैं।



भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को भगवान के प्रति अच्छा संबंध बनाना चाहिए। फिर भगवान खुद चलकर भक्त की भक्ति से खुश होकर वरदान देते हैं। कथा व्यास डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि पौराणिक ऐसी भी कथाएं हैं कि भक्तों ने ठाकुर जी के साथ पिता-पुत्र और शिष्य जैसे संबंध बनाकर ठाकुर जी की भक्ति की है और ठाकुर जी ने खुश होकर उन्हें वरदान दिए हैं। भगवान और भक्त में सेवा भाव का एक रिश्ता होना चाहिए। फिर ठाकुर जी भक्ति से खुश होकर व्यक्ति को भव सागर पार करवा देते हैं।

डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में केवल भगवान और भक्त की भक्ति को दिखाया गया है कि किस प्रकार व्यक्ति जीवन व्यतीत करके मोक्ष को पा सकता है और श्रीमद् भागवत कथा भगवान द्वारा कलयुग के व्यक्ति के लिए सरल जीवन व्यक्ति करने का मार्ग दिखाया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत में अतीत से ही संतों, ऋषियों और महापुरुषों ने समाज को नैतिकता, अध्यात्म और मानवता के पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया है। विद्वानों, ज्ञानी व्यक्तियों, या धर्मगुरुओं की वाणी का तात्पर्य समाज को सही दिशा प्रदान करने का प्रयास मात्र है।

अध्यात्म और ज्ञान का उद्देश्य हमेशा मानव कल्याण होना चाहिए और यही सच्चे संतों और विद्वानों का संदेश होता है। कथा विराम के बाद भंडारे का प्रसाद भी वितरण किया गया। इस कथा का संसार चंद, नरेश शर्मा, नीलम कुमारी, नवीन कुमार, ईशा शर्मा, ज्योति वर्जाता, सुशील कुमार रिंकू, नीना कुमारी समेत कइयों ने श्रवण किया।

## बीटन कॉलेज में एसएआर टीम निरीक्षण कर वापस लौटी



टीम में शामिल विशेषज्ञ, जिन्होंने कॉलेज का निरीक्षण किया।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली उपमंडल के राजकीय महाविद्यालय बीटन में एसएआर टीम महाविद्यालय का निरीक्षण करके लौट गई।

इस टीम में जुखाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ध्रुवपाल सिंह, राजकीय महाविद्यालय पंडालवी की प्राचार्या डॉ. रीता शर्मा तथा अन्य सदस्य महाविद्यालयों के मूल्यांकन हेतु उपस्थित रहे। एसएआर टीम द्वारा सबसे पहले महाविद्यालय के विभिन्न विभागों पुस्तकालय कार्यालय तथा शोधशालाओं का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात टीम द्वारा प्राध्यापकों द्वारा तैयार की गई एआरआर रिपोर्ट का मूल्यांकन किया गया तथा मूल्यांकन के उपरांत सदस्यों द्वारा रिपोर्ट की सराहना की गई।

निरीक्षण के समापन पर महाविद्यालय के समग्र एवं कुशल प्रबंधन हेतु टीम ने महाविद्यालय की प्राचार्य को भी बधाई दी।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 10 पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाल विकास परियोजना ऊना तथा हरोली के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 10 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें ऊना वृत्त के तहत 7 और हरोली वृत्त के अंतर्गत 3 पद हैं। सीडीपीओ हरोली शिव सिंह वर्मा ने बताया कि हरोली वृत्त में ग्राम पंचायत संतोषगढ़ के वार्ड 2 व 4, तथा 7, 8 9 के लिए 3 पद और ऊना वृत्त के तहत बसदेहड़ा के 13, सनोली राजपूत जट मोहल्ला 2, त्यूड़ी 3, भटोली 1, बदोली 1, बसोली नाले मुहल्ला तथा नंगल सलांगड़ी 1 में आंगनवाडी सहायिकाओं के 7 रिक्त पदों को भरने के लिए महिला उम्मीदवार 18 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं।

इन पदों के लिए कम से कम जमा दो उत्तीर्ण 18 से 35 आयुवर्ग और आंगनबाड़ी सर्वे क्षेत्र की स्थायी निवासी की महिलाएं पात्र होंगी। उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय सभी संसाधनों से 50,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र संबंधित तहसील के तहसीलदार अथवा नायव तहसीलदार द्वारा जारी ही मान्य होगा। उम्मीदवार का चयन मेरिट के आधार पर 25 अकों में होगा।

वे उम्मीदवार जिन के पास एक वर्ष का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, बालसेविका, बालवाड़ी टीचर, नर्सरी टीचर, सिलाई टीचर जो उसी पंचायत में कार्यरत हो तथा 10 माह के लिए शिशुपालक केंद्र चलाने का अनुभव रखती हो, को अनुभव के प्रत्येक बर्ष के लिए 1 अंक तथा अधिकतम 3 अंक दिए जाएंगे।

ये अंक तभी मान्य होंगे, जब प्रार्थी को नर्सरी ट्रेनिंग टीचर मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा कोर्स से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगी। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र शिक्षा विभाग के उपनिदेशक या जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है। प्रार्थी द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्थित नर्सरी स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो। प्रार्थी को कार्य अनुभव के अंक उसी अवस्था में देय होंगे यदि उनके पास उपरोक्त प्रमाण पत्र उपलब्ध है। इसके अलावा अपंग उम्मीदवार जिस की अपंगता 40 प्रतिशत या अधिक हो, वशर्ते उस की अपंगता आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन के कार्य करने में बाधक सिद्ध न हो, के दो अंक मिलेंगे।

इसके अलावा एससी/एसटी/ओबीसी के उम्मीदवार के लिए 2 अंक, स्टेट होम आवासी, बालिका आश्रम अवासी, अनाथ, विधवा, असहाय, परित्यकता, तलाकशुद्धा और शादीशुदा महिला जिसके पति पिछले 7 बर्षो से लापता हो, 3 अंक रखे गए हैं। वे परिवार जिन्होंने एक या दो कन्या के जन्म के उपरान्त स्थाई परिवार नियोजन करवा लिया हो, 2 अतिरिक्त अंक मान्य होंगे, जबकि साक्षात्कार में 3 अंक देय होंगे। इन पदों के लिए पात्र महिलायें 18 दिसम्बर सांय 5 बजे तक सादे कागज पर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकती हैं।

इच्छुक उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे समस्त दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारीजिला ऊना के कार्यालय मे उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01975-292563 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बंगाणा कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एकृदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भविष्य' था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। सेमिनार के मुख्य वक्ता फाइनल ईयर की छात्राएं रितिका शर्मा और हेमलता थीं। रितिका शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विभिन्न पहलुओं और इसके भविष्य में संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे एआई विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति ला सकता है और हमारे जीवन को सरल बना सकता है।

हेमलता ने एआई के नैतिक और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई के उपयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता क्यों है और इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों से कैसे निपटा जा सकता है।

## सिंगा स्कूल में छात्रों को दिए स्वास्थ्य टिप्स

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा स्कूलों में निशुल्क ब्लड ग्रुप जांच कर रही है और स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों के बारे में जागरूक कर रही है। अभियान के प्रभारी डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता आपके शरीर को साफ रखने के बारे में है। यह आपको गैस्ट्रोएंटेराइटिस, सर्दी-जुकाम और फ्लू संक्रमणों से बचाने में भी मदद करती है। साबुन से हाथ धोने से वे कीटाणु दूर हो जाते हैं जो आपको बीमार कर सकते हैं। अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता रखने से आपको दूसरों को बीमारियां फैलाने से भी रोकने में मदद मिलेगी।




सिंगा स्कूल के छात्र स्वास्थ्य संबंधी टिप्स प्राप्त करते हुए।

इस संबंध में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिंगा में छात्रों को बताया कि वे हर दिन अपने शरीर की सफाई करें। शौचालय जाने के बाद अपने हाथ साबुन और पानी से धोएं, दिन में दो बार अपने दांतों को ब्रश करें और फ्लॉस करना, छींकते या खांसते समय अपने मुंह और नाक को टिशू (या अपनी आस्तीन) से ढकें। पालतू जानवरों और अन्य जानवरों को छूने के बाद अपने हाथ धोएं।

डॉ. प्रदीप ने व्यक्तिगत स्वच्छता क्यों महत्वपूर्ण है, इस विषय पर भी बताया। उन्होंने कहा कि अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको बीमार होने से रोकती है। सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 102 बच्चों के स्वास्थ की जांच की गई व 102 बच्चों के ब्लड ग्रुप की भी जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। बच्चों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

## संतोषगढ़ में चाइल्ड हेल्पलाइन ने लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

चाइल्ड हेल्पलाइन टीम जो कि जिला संरक्षण अधिकारी कमलदीप के नेतृत्व में कार्यकृत है, आज उनके आदेश के अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की ओर से कोऑर्डिनेटर रीना कुमारी और टीम मेंबर वरदान और सौरभ द्वारा संतोषगढ़ में एक जागरूक अभियान का आयोजन किया गया

इसमें चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा चाइल्ड लेबर, बाल विवाह, बाल मजदूरी और भिक्षावृत्ति बारे में बताया गया। 0 से 18 साल तक के बच्चों की दिक्कतें लोगों के साथ सांझा की गई और टीम द्वारा बाजार का भी दौरा किया गया इस दौरान अलग-अलग दुकानों पर जाकर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा उन्हें बताया गया कि बाल मजदूरी एक कानूनी अपराध है और आप इस बार मजदूरी को रोकने और भिक्षावृत्ति को रोकने में चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद करें।

इस अभियान के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन टीम नगर परिषद में गई और वहां के मेंबरों से मिली और उन्हें भी कहा कि अगर आपकी नजर में कोई 0 से 18 साल तक का बच्चा जरूरतमंद है तो कृपया 1098 पर कॉल कर हमें बताएं।




संतोषगढ़ में जागरूकता शिविर में टीम के सदस्य।

**कार्यक्रम** दौलतपुर चौक कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

## तानिया मिस और रोहित मिस्टर फ्रेशर चुने



दौलतपुर चौक कॉलेज की बीबीए फ्रेशर पार्टी में शामिल छात्र

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में कॉलेज के सभागार में बीबीए के सीनियर छात्र-छात्राओं ने जूनियर्स के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर युद्धवीर सिंह पटियाल ने शिरकत की। बीबीए की फ्रेशर पार्टी में पार्टी में तानिया मिस और राहुल ठाकुर मिस्टर फ्रेशर, मिस्टर पर्सनालिटी विकास और मिस पर्सनालिटी रिधम चुने गए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर विद्यार्थियों ने समा बांधा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ युद्धवीर सिंह पटियाल ने कहा कि सभी जूनियर विद्यार्थी कॉलेज में अनुशासन बनाए रखें और अपने उद्देश्य को हासिल करें। आज का युग प्रतियोगिता का युग है तथा इसमें सफलता हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को अपडेट रहना चाहिए।

कार्यक्रम का आगाज होते ही विद्यार्थियों ने अपने जूनियर्स का स्वागत किया और उनको टाइटल देकर कार्यक्रम में उनका आगमन बड़े ही उत्साह के साथ किया। बीबीए के सामान्य डॉक्टर सतेंद्र शर्मा ने सभी विद्यार्थियों का इस प्रेशर पार्टी में स्वागत किया और उनको कॉलेज के नियमों के बारे में रू-ब-रू करवाया।

इस मौके पर डॉक्टर सुनील रयात, डॉक्टर शिवानी, पूनम प्रोफेसर, प्रो. हितेश रतन, प्रोफेसर राजकुमार, प्रोफेसर गुलशन सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## एफसी नंगल और वाईएफसी सलोह की टीमें फुटबाल प्रतियोगिता के अगले दौर में

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

नगर परिषद संतोषगढ़ के वीरेंद्र मेमोरियल स्कूल खेल मैदान पर शुक्रवार से तीन दिवसीय अंगदानी संजय महे सेवन साइड फुटबाल प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले रोज हिमाचल, पंजाब की विभिन्न टीमों के बीच मैच हुए। मैचों में एफसी नंगल, वाईएफसी सलोह व संतोषगढ़ ए एवं बी की टीमों ने मैच जीते और अगले दौर में प्रवेश पाया है।


शुभारंभ अवसर बुद्धिजीवी एवं फुटबाल खिलाड़ी मुकेश पुरी, ठेकेदार बंटी सैनी व सचिन तथा दिवंगत संजय महे बलराम महे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बलराम महे ने कहा कि अंगदानी संजय महे की याद में हो रही यह प्रतियोगिता युवाओं को प्रेरित करती है। ऐसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर लेकर जाते हैं। स्वस्थ और सुखद समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने सरकार से खेल मैदान के जीर्णोद्धार के लिए राशि मांगी। प्रतियोगिता में पहला मैच एफसी नंगल व पंजावर टीमों के बीच हुआ। नंगल के खिलाड़ी आदर्श ठाकुर के दो गोल की बदौलत टीम ने पंजावर पर 2-0 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में जिला ऊना की वाईएफसी सलोह व आनंदपुर साहिब टीमें भिड़ी। सलोह टीम ने कांटेदार टक्कर के बाद 5-3 के अंतराल से मैच अपने नाम किया। तीसरे मैच में संतोषगढ़ की बी टीम ने जेडीएस क्लब को 1-0, चौथे मैच में संतोषगढ़ ए ने रायुपर को मात दी।

आयोजकों में जसवीर सिंह व परमजीत सिंह कसाना ने बताया कि प्रतियोगिता में हिमाचल सहित पंजाब की करीब 16 टीमों ने पंजीकरण दर्ज कराया है।



## न्यूज ब्रीफ

### शूलिनी विश्वविद्यालय ने प्राप्त की नेक ए+ मान्यता



**सोलन।** महत्वपूर्ण उपलब्धि में, शूलिनी विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा ए+ ग्रेड से सम्मानित किया गया है, जिसने प्वाइंट स्केल पर 3.33 का प्रभावशाली ग्रेड प्वाइंट (सीजीपीए) हासिल किया है। यह विशिष्टता शूलिनी को भारत के अग्रणी संस्थानों में रखती है, जो शिक्षा और नवाचार में उत्कृष्टता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शूलिनी को नेक द्वारा मूल्यांकन किए गए सात अलग-अलग मानदंडों में से चार प्रमुख मानदंडों-पाठ्यचर्या संबंधी पहलू, बुनियादी ढांचे और सीखने के संसाधन, शासन और नेतृत्व, संस्थागत मूल्य और सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए प्रशंसा मिली। नेक मूल्यांकन एक कठोर प्रक्रिया है, जो यह सुनिश्चित करती है कि संस्थान शिक्षा में गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को पूरा करे। चांसलर प्रो. पीके खोसला ने कहा, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे पूरे शूलिनी परिवार के समर्पण, जुनून और उत्कृष्टता को दर्शाती है, जो लगातार उच्च मानक स्थापित करने का प्रयास करता है। मैं छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूं। यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में हमारे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण सत्यापन है। यह शूलिनी विश्वविद्यालय को शीर्ष 100 वैश्विक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह एक सहायक शिक्षण वातावरण बनाने के प्रति हमारे समर्पण को भी दर्शाता है, जो छात्रों को आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफल होने में मदद करता है। नेक मूल्यांकन प्रक्रिया को उच्च शिक्षा में सबसे विश्वसनीय गुणवत्ता मूल्यांकन में से एक माना जाता है। संस्थानों को प्रमुख क्षेत्रों में उनके प्रदर्शन के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, अंतिम सीजीपीए की गणना सात मानदंडों से की जाती है।

### 53 से अधिक विद्यार्थियों की मौखिक जांच की



**दाड़लाघाट।** तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने राजकीय उच्च विद्यालय कंसवाला में मौखिक जांच शिविर का आयोजन किया। सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डॉ. कुलभूषण शर्मा ने मौखिक जांच शिविर में 53 से अधिक विद्यार्थियों का मौखिक जांच किया और उन्हें मुख को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। स्वस्थ्य कार्यक्रम समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू से संबंधित रोगों की पहचान करना और तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय की परिकल्पना को बढ़ावा देना है। इसके लिए जनजागृति के माध्यमों से विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों और सामाजिक विकास संस्थाओं को शामिल किया गया है।

### नगर परिषद को 18 लाख की राशि स्वीकृत



**बीबीएन।** विधायक हरदीप बावा ने नालागढ़ नगर परिषद के सभी वार्ड में विकास कार्य के लिए दो-दो लाख रुपए विधायक निधि से जारी किए हैं। नप को यह पैसा मिल गया है। इस पैसे से नप में स्ट्रीट लाइट, गलियों, नालियों व अन्य विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। यह पहला मौका है जब किसी विधायक ने विधायक निधि से पैसा नप को दिया है। बता दें कि नालागढ़ में 9 वार्ड हैं और सभी वार्डों को दो-दो लाख रुपए विकास कार्यों को दिए गए हैं। विधायक ने बताया कि सभी पार्षद अपने वार्ड में इस पैसे से अपने विकास के कार्य करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बिना किसी भेदभाव से नगर परिषद के सभी वार्ड के लिए 18 लाख रुपए की राशि जारी कर दी गई है। नप के ईओ आरएस वर्मा ने बताया कि विधायक ने पहली ही विजिट के दौरान बिना मागें सभी पार्षदों को सामान राशि दी थी। पार्षद अपनी जो भी मांग रखेंगे। उसके हिसाब से उन्हें बजट मुहैया करवाया जाएगा।

# सोलन शहर में पुरानी पाइप लाइन बदलने की डीपीआर बनने में देरी

## हजारों लीटर व्यर्थ बह रहा पानी, बीते एक दशक से लगातार बढ़ रही पेयजल की मांग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में करीब चार दशक पहले बिछाई गई पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन जंग खा जाने से इसमें हर रोज हजारों की लीटर में पेयजल व्यर्थ बह रहा है। निगम ने पुरानी पाइप लाइन बदलने के लिए डीपीआर बनाने का जिम्मा जल शक्ति विभाग को देने का निर्णय लिया पर किन्हीं कारणों से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

इस प्रस्ताव को नगर निगम ने जनरल हाउस में पारित किया है। दरअसल, सोलन शहर में पेयजल की मांग बढ़ती जा रही है, जबकि मुख्य पाइप लाइनों से पेयजल की लीकेज को हल करना नगर निगम के लिए चुनौती बना हुआ है। बीते एक दशक से सोलन शहर में किसी न किसी कारण से लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण पेयजल पाइप लाइनों में पानी की लीकेज होना है। वहीं, वार्ड क्षेत्रों में स्टोरेज टैंक की कमी भी पानी की कमी का एक प्रमुख कारण है। बावजूद इसके नगर निगम न तो पाइप लाइनों से हो रही लीकेज की समस्या को हल कर पा रही है और न ही वार्ड क्षेत्रों में स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। हालात यह हैं कि कई वार्डों में तो चार व पांच दिनों बाद पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है।



शहर के वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी में व्यर्थ बहता पेयजल।

इसके बावजूद रोजाना हजारों लीटर पानी सड़कों पर व्यर्थ बह जाता है। इसका एक बड़ा कारण सोलन शहर में पेयजल सप्लाई के बिछाई गई पाइपलाइन का पुराना होना है। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर में पुरानी पेयजल पाइपें बदलने के लिए निगम ने जल शक्ति विभाग से डीपीआर बनाने का निर्णय लिया है। जनरल हाउस में इसका प्रस्ताव पारित किया गया है। इसकी प्रक्रिया चल रही है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### पाइप लाइन कई दशक पुरानी

**शहर** के 17 वार्डों में पेयजल सप्लाई की लाइन नगर परिषद के समय बिछाई गई थी। इसके बाद ज्यादातर क्षेत्रों में पानी की पाइपें नहीं बदली गई हैं। यह पानी की पाइपें काफी पुरानी होने की वजह से जगह-जगह पर लीक होती रहती हैं। पानी की लीकेज रोकने के लिए निगम अब गंभीर हो गया है। यही कारण है कि शहर में पुरानी पाइप लाइन बदलने के लिए जल्द डीपीआर तैयार की जा रही है। यदि पानी को व्यर्थ बहने से बचाया जाए, तो शहर के बहुत से उपभोक्ताओं को पीने का पानी उपलब्ध करवाया जा सकता है। सोलन शहर में रोजाना करीब 22 लाख गैलन पानी की आवश्यकता होती है।

## परवाणू नशा मुक्ति केंद्र में लूटपाट का एक और आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



परवाणू के नशा मुक्ति केंद्र में लूटपाट के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पांच जून को लूटपाट करने और वहां उपचाराधीन मरीजों को धमकाकर भगाने के आरोप में एक अन्य युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी तीन दिन की पुलिस रिमांड हासिल कर ली है। उससे पूछताछ की जा रही है, ताकि लूट का बाकी सामान भी बरामद किया जा सके। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि इस वारदात को अंजाम देने वाले कुछ युवक पहले इसी नशा मुक्तिकेंद्र में काम करते थे, जिन्हें बाद में केंद्र के मालिक ने नौकरी से निकाल दिया था। इस मामले में इसी वर्ष छह जून को पंजाब के पटियाला निवासी प्रभपाल सिंह ने बताया कि वह परवाणू के सेक्टर नंबर-6 में होप फाउंडेशन नामक नशा मुक्ति केंद्र चलाता है। प्रभपाल सिंह ने बताया कि पांच जून की रात के समय साहिल व जतिन नामक युवक अपने अन्य साथियों के साथ दीवार फांद कर केंद्र के अंदर घुसे। उनके पास डंडे व लोहे की रॉडें थीं। उक्त लोगों ने वहां पर उपचाराधीन मरीजों को उस समय धमकाकर भगा दिया। उक्त केंद्र का काम देख रहे प्रभपाल के भाई को डराकर केंद्र के अंदर लूटपाट की। जाते हुए आरोपी प्रभपाल के भाई का मोबाइल फोन व 80 हजार रुपए नकदी लूटकर ले गए, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में लूटपाट व धमकियों की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

एसपी के अनुसार जांच के दौरान उक्त मामले में पुलिस थाना परवाणू की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकि सहायता से वारदात में संलिप्त एक आरोपी मनीमाजरा निवासी 26 वर्षीय साहिल को मनीमाजरा से गिरफ्तार कर लिया था। इस वारदाता में शामिल वाहन एचआर-49जे-8055 को जब्त कर लिया गया था। उसकी निशान देही पर लूटे गए कैमरा डीवीआर बरामद किया गया था।

## व्यवस्था परिवर्तन का नया आविष्कार मीडिया को धमका रही सरकार : विवेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने नरेश चौहान मीडिया सलाहकार हिमाचल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मीडिया का प्रश्न पूछना सरकार को इतना परेशान क्यों कर रहा, इस परेशानी का सबब जाना जरूरी है।



प्रश्न के बीच छुपी प्रदेश की जन भावनाओं ने सरकार को आखिर इतना विचलित क्यों कर दिया है यह प्रदेश वासी जानना चाहते हैं। क्या सोशल मीडिया पर प्रदेश की वर्तमान मित्रों की सरकार की विदाई की धुन ने प्रदेश की वर्तमान सरकार के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान को परेशान तो नहीं कर दिया है? अभी तक वर्तमान सरकार के ऊपर भूमाफिया, तबादला माफिया, ड्रग माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया के इल्जाम लग रहे थे, अब दबंग माफिया भी दिखने लगा है। कभी मीडिया के ऊपर सेंसरशिप की टिप्पणियां होती हैं। कभी उन्हें नोटिस देकर धमकाया जा रहा है, तो कहीं मुख्यमंत्री की छवि सुधारने के लिए डायरेक्टर पब्लिक इंफॉर्मेशन ऑफिस की तरफ से फोटो छापने तक के अधिकार से मीडिया को वंचित किया जा रहा है। सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिकारियों की न्यायालय में आवाज नहीं निकलती है। कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया एडवाइजर चैनल व प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को धमकाते हैं। यह भी एक नया व्यवस्था परिवर्तन है।

## राजस्व विभाग आमजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : मनमोहन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने यहां राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित मासिक बैठक की अध्यक्षता की।

मनमोहन शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व विभाग आमजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और राजस्व विभाग का कार्य निष्पादन समग्र रूप से पारदर्शिता लाने में महत्वपूर्ण है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित राजस्व मामलों को जल्द निपटाया जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को कार्य में और अधिक तेजी लाने को कहा, ताकि आमजन के मामले समय पर पूर्ण हो सके। मनमोहन शर्मा ने बैठक में गत माह में किए गए कार्यों की राजस्व विभाग के अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली और उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी उपमंडलाधिकारी व तहसील कार्यालयों में ई-ऑफिस स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों को संबंधित विभागों से मिलकर एफआरए के मामलों का जल्द निपटाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



डीसी सोलन राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

डीसी ने स्वामित्व योजना के तहत किए गए कार्यों का डाटा एकत्रित कर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कानूनगो तथा पटवारियों को पीएम किसान योजना के तहत लाभार्थियों की ई-केवाईसी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को समय-समय पर राजस्व विभाग के कार्यालयों के निरीक्षण तथा उचित मूल्य की दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को स्कूलों में चल रही मिड-डे मील योजना के तहत बनाए गए भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अजय यादव, एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह, अर्की यादविंदर पाल, नालागढ़ राजकुमार, बद्दी विवेक महाजन, तहसीलदार मुल्तान सिंह बनियाल सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने जघून पंचायत में 33 लाख रुपए से निर्मित पंचायत घर का किया लोकार्पण, कहा-

## समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्यान्वित की जा रही नवीन योजनाएं

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्प है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सभी विशेषकर कमजोर वर्गों की आर्थिकी मजबूत बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

संजय अवस्थी गत देर सायं अर्की की पंचायत जघून में 33 लाख रुपए से निर्मित पंचायत घर का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की गई हैं। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों-बागवानों की आर्थिकी में सुधार के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 38 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 47 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की दृष्टि से ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जहां एक ओर राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, छात्र-शिक्षक अनुपात को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयों का युक्तिकरण किया जा रहा है। युक्तिकरण के साथ प्रदेश सरकार यह भी सुनिश्चित बनाएगी कि छात्रों को आवश्यकतानुसार बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलें। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाएं। अर्की कॉलेज में एमए अंग्रेजी व इतिहास की कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं तथा आगामी वर्ष से एमए हिंदी व राजनीति विज्ञान की कक्षाएं भी आरंभ की जाएंगी। संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क क्षेत्र में अधोसंचनात्मक विकास के साथ-साथ पर्यटन विकास की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। यह प्रयास किया जा रहा है कि अर्की न केवल प्रदेश का सबसे आदर्श विधानसभा क्षेत्र बने, बल्कि अनछुए पर्यटक स्थलों को विकसित करने में भी अग्रणी हो। क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए लोगों के मध्य एकजुटता का होना आवश्यक है। अर्की का सर्वांगीण विकास उनका उद्देश्य है और इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।



संजय अवस्थी जघून में 33 लाख रुपए से निर्मित पंचायत घर का लोकार्पण करते हुए।

## पोस्टर से दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

### जयनगर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय डिग्री कॉलेज जयनगर के सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया।

सड़क सुरक्षा क्लब की संयोजक प्रो. प्रगति कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को दृश्य कला के माध्यम से रचनात्मक रूप से महत्वपूर्ण सुरक्षा संदेश व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए, जिनमें तेज गति से गाड़ी चलाना बंद करें, जीवन बचाएं, संतुलित तरीके से गाड़ी चलाएं, सुरक्षित रहें, हेलमेट नहीं तो सवारी नहीं, स्कूल क्षेत्रों के पास सावधानी से गाड़ी चलाएं, लाल बत्ती की अनदेखी करने के खतरे, पैदल यात्री पहले सड़क पार करने से पहले देखें आदि पोस्टरों का मूल्यांकन रचनात्मकता, संदेश की स्पष्टता और दृश्य प्रभाव के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता की विजेता नीरज कुमारी, दीक्षा कुमारी और आकांक्षा कुमारी थी। कार्यक्रम में छात्रों को सफलतापूर्वक शामिल किया और कॉलेज समुदाय में सड़क सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान दिया।




जयनगर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान छात्र।

### सराहां कॉलेज में नशा निवारण इकाई ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## रैली से नशे की रोकथाम के बताए उपाए



राजकीय महाविद्यालय सराहां में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम पर रैली में स्टूडेंट्स लोगों को नशे की रोकथाम के उपाए बताते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की नशा निवारण इकाई द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत कॉलेज परिसर से बाईपास, राष्ट्रीय राजमार्ग 907 ए और पुराना बस स्टैंड से होते हुए नया बस स्टैंड सराहां तक एक रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय लोगों को नशे की रोकथाम के विभिन्न उपायों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता ठाकुर (प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहां), प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराओ, शंभू नाथ (अधीक्षक) और संजीव कुमार उपस्थित रहे।

## लाखों रुपए से बनी मीट मार्केट उद्घाटन के बाद हुई खंडहर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में लाखों की लागत से बनाई गई मीट मार्केट उद्घाटन के चार वर्षों के बाद भी खंडहर होती जा रही है। यह बाजार शहर में बड़े विरोध के बाद प्रस्तावित किया गया था और इसका निर्माण भी शहरवासियों की मांग पर करवाया गया।

मांग यह थी कि मीट विक्रेताओं की दुकानों को साई मार्ग पर मुख्य सड़क मार्ग से हटाकर किसी दूसरे लिंक मार्ग पर शिफ्ट किया जाए, ताकि लोगों को खरीदने में भी दिक्कत न हो और इससे बच्चे व महिलाएं भी शोषित न हों। हैरानी की बात है कि 11 दिसंबर, 2020 को इस पथ विक्रेता यानी मीट मार्केट का उद्घाटन तत्कालीन शहरी विकास मंत्री सुरेश कुमार भारद्वाज ने कर दिया था, लेकिन अब चार साल बीत रहे हैं, लेकिन इन करीब 18 दुकानों में आज तक एक भी दुकानदार नहीं पहुंच सका है। लाखों रुपए की लागत से बनाई गई नगर परिषद की यह संपत्ति बर्बाद हो रही है। इन दुकानों से नगर परिषद की आमदनी बढ़ सकती थी, लेकिन नगर परिषद की अनदेखी के चलते यह दुकानें नगर परिषद पर उल्टा बोझ बनती दिखाई पड़ रही हैं।



मीट मार्केट।

### चोरी किया शटर व बिजली की वायरिंग

**दुकानों** के शुरू नहीं होने के चलते इन दुकानों में लगाई गई लाखों की संपत्ति को अब चोर अपना निशाना बना रहे हैं। इन दुकानों में सभी प्रकार की सुविधाओं उपलब्ध करवाई गई थी, लेकिन दुकानें बंद होने से अब यहां चोर रात के समय सामान चुरा रहे हैं। बिजली की फिटिंग, पानी की पाइपें, टंकियों व शटरिंग तक को चुराना शुरू कर दिया गया है और दुकानों के भवन खस्ताहाल होते जा रहे हैं।

नगर परिषद की यह करीब 18 दुकानें हैं। मीट विक्रेताओं का कहना है कि साई मार्ग पर 50 के करीब मीट विक्रेता हैं। यह सभी मीट विक्रेताओं को एक साथ ही शिफ्ट किया जाना चाहिए। ऐसे में अब आगामी समय में रैजोल्यूशन डालकर इन दुकानों की खुली नीलामी की जाएगी, ताकि इससे नगर परिषद की आमदनी हो सके।

**सुरजीत चौधरी, अध्यक्ष नगर परिषद।**

### दो बार हो चुकी नीलामी

**मीट** मार्केट का उद्घाटन होने के बाद से नगर परिषद दो बार इन दुकानों के लिए नीलामी करवा चुकी है। मीट विक्रेता इन दुकानों को खरीद लेते हैं, लेकिन उसके बाद वह यहां शिफ्ट नहीं करते हैं। दो बार ऐसा होने के बाद भी अब तक एक भी मीट विक्रेता उस दुकान तक नहीं पहुंचा। स्थिति पहले की तरह ही जस की तस बनी हुई है। मुख्य सड़क मार्ग पर ही मीट को बेचा जा रहा है, जिससे गंदगी फैल रही है और महिलाओं और बच्चों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

## हनुमान टीला शक्ति पीठ तक सुगम होगा आवागमन



निशांत गुप्ता ने दो लाख पंद्रह हजार की राशि से निर्मित सीढ़ियों का किया निरीक्षण।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की में हनुमान टीला शक्ति पीठ संस्थापक इंजीनियर लेखराम कौंडल ने स्थानीय निवासी निशांत गुप्ता द्वारा दो लाख पंद्रह हजार की राशि से निर्मित सीढ़ियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस हनुमान टीला की स्थापना विभिन्न श्रद्धालुओं की मदद से 27 दिसंबर, 2019 को की गई थी। इसी कड़ी में निशांत गुप्ता व श्रद्धालुओं की मदद से इस स्थान में सीढ़ियों का नवनिर्माण किया गया। इससे मंदिर तक का आवागमन सुगम होगा। लेखराम कौंडल ने सभी दानियों का धन्यवाद किया।

**आगाज**

### ओल्ड सनावरियन सोसायटी का एनुअल क्रिकेट बैश का चंडीगढ़ स्थित मुल्लापुर स्टेडियम में आयोजन

# पांच प्रतिष्ठित स्कूलों के पूर्व छात्र लगाएंगे चौके-छक्के

**अनंत ज्ञान, सोलन**

लॉरेंस स्कूल सनावर में ओल्ड सनावरियन सोसायटी ने एनुअल क्रिकेट बैश का विधिवत आगाज किया।

इस दौरान देश के पांच प्रतिष्ठित स्कूलों में ओल्ड स्टूडेंट्स की टीमों के कैप्टन का स्कूल बैंड के साथ शानदार स्वागत किया गया। टीमों को स्कूल का दौरा करने के बाद टीमों के कप्तानों ने वार मेमोरियल में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। ओल्ड सनावरियन सोसायटी के अध्यक्ष पंकज सप्रू ने कहा कि एनुअल क्रिकेट बैश देश में प्रतिष्ठित स्कूलों/कॉलेजों के पूर्व छात्र हिस्सा लेंगे। इसी कड़ी में ओएसएस सदस्यों और स्कूल प्रबंधकों के बीच ट्राफी का अनावरण किया गया। सप्रू ने बताया कि टूर्नामेंट में मेजबान सहित चार अन्य टीमें भाग ले रही हैं। सभी मैच चंडीगढ़ स्थित मुल्लापुर इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। एसीबी का पहला संस्करण 2015 में करवाया गया था, जिसमें टूर्नामेंट को वर्ष दर वर्ष व्यापक रिस्पांस मिल रहा है।

द सनावर स्कूल, लारेंस की कप्तानी आदित्य जैन करेंगे, जबकि सिंधिया स्कूल, ग्वालियर की मान कुनाल के हाथों में है। वीर विक्रम यादव मायो कॉलेज, अजमेर की अगुवाई करेंगे जबकि डेली कॉलेज, इंदौर की कप्तानी तेजवीर जुनेजा करेंगें। दून स्कूल, देहरादून के कप्तान श्रीवत्स चंद्र होंगें। हर टीम में 18 सदस्यों का स्क्वाड है, जिसमें चार प्लेयर्स तीस वर्ष से कम, जबकि दो प्लेयर्स पचास वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। स्कूल /कॉलेज अधिकारिक तौर पर इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम भेजते हैं। तीन दिनों में बीसीसीआई अंपायर्स की देखरेख में फाइनल सहित कुल 11 टी-20 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक जीत पर दो अंक मिलेंगे, जबकि रद्द व टाई होने पर एक-एक अंक बटेंगें। लीडरबोर्ड पर टाप दो टीमों के बीच फाइनल आयोजित होगा। टूर्नामेंट के अंत में बेस्ट बेटर, बॉलर, फील्डर, विकेटकीपर के साथ साथ टूर्नामेंट आफ दी प्लेयर को भी पुरस्कृत किया जाएगा।



ओल्ड सनारियन सोसायटी के अध्यक्ष एनुअल क्रिकेट बैश के आगाज के दौरान।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस अडानी रिश्वत घोटाले से आहत : लकी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लकी ने कहा कि पार्टी गौतम अडानी और संयुक्त राज्य अमेरिका में रिश्वत घोटाले से जुड़े चौंकाने वाले खुलासों से बहुत आहत है। विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय जांचों द्वारा समर्थित इन आरोपों ने कॉर्पोरेट कदाचार, लालच और भ्रष्टाचार के एक नेटवर्क को उजागर किया है जो पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल ढांचे को खतरे में डालता है। वर्तमान सरकार के तहत अडानी के संचालन लंबे समय से क्रोनी कैपिटलिज्म से जुड़े रहे हैं, जिसमें अक्सर सार्वजनिक हित की कीमत पर उनके उद्यमों के पक्ष में नीतियां बनाई जाती हैं। ताजा रिश्वत कांड इस बात की कड़ी याद दिलाता है कि कैसे अनियंत्रित कॉर्पोरेट शक्ति, जब सरकारी मिलीभगत के साथ मिलती है, तो भारत की अर्थव्यवस्था में लोकतांत्रिक सिद्धांतों और वैश्विक विश्वास को कमजोर कर सकती है।

### लंदन में अमेरिकी दूतावास के पास विस्फोट

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने शुक्रवार को लंदन में अमेरिकी दूतावास के निकट एक संदिग्ध वस्तु की सूचना मिलने के बाद जांच के हिस्से के रूप में नियंत्रित विस्फोट किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के कोई घायल नहीं हुआ और दूतावास के पश्चिमी हिस्से की एक सड़क को बंद कर दिया गया। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि वह घटना की जांच जारी रखे हुए है। दूतावास ने 'एक्स' पर एक बयान में बताया, 'स्थानीय अधिकारी लंदन में अमेरिकी दूतावास के बाहर एक संदिग्ध पैकेज की जांच कर रहे हैं'। मेट्रोपॉलिटन पुलिस मौजूद है और सावधानी के तौर पर पोंटन रोड को बंद कर दिया है।'

### बिटकॉइन एक लाख डॉलर के करीब पहुंचा

**न्यूयॉर्क।** बिटकॉइन ने पहली बार 99,000 डॉलर से ऊपर पहुंचकर रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने का सिलसिला जारी रखा। इस क्रिप्टोकरेंसी ने केवल दो सप्ताह में 40 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई है। क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के पतन के बाद 17,000 डॉलर से नीचे गिरने के दो साल बाद अब बिटकॉइन एक लाख डॉलर के करीब पहुंच गया है। यह आश्चर्यजनक तेजी ऐसे वक्त में आई है, जब उद्योग विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे हैं कि आगामी ट्रम्प प्रशासन डिजिटल मुद्रा को विनियमित करने के लिए क्रिप्टो के लिए अधिक अनुकूल नीति लेकर आएगा। कॉइनडेस्क के अनुसार शुक्रवार की सुबह बिटकॉइन 98,882 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। ट्रंप पहले क्रिप्टोकरेंसी को लेकर संशय में थे, लेकिन चुनाव से पहले उन्होंने अपना विचार बदलते हुए क्रिप्टोकरेंसी की तरफदारी की।



### शुभ बने संयुक्त राष्ट्र के 'वैश्विक जलवायु ब्रांड एंबेसडर'

**नई दिल्ली।** मशहूर पंजाबी संगीतकार शुभ को यूएनएफसीसीसी डिजिटल क्लाइमेट लाइब्रेरी (डीसीएल) के लिए 'ग्लोबल एंबेसडर' नियुक्त किया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) ने आजरबैजान की राजधानी बाकू में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में यह घोषणा की। कनाडा में रहने वाले गायक शुभ (28) ग्लोबल एंबेसडर के रूप में जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता और स्थायी समाधानों को बढ़ावा देंगे। वह युवाओं को परिवर्तन का कारक बनने और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे का समाधान करने के लिए प्रेरित करेंगे। शुभ ने कहा, 'इस भूमिका के जरिए, मैं ऐसे आंदोलन का हिस्सा बनने की उम्मीद करता हूं जो न केवल हम सभी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहतर भविष्य पर जोर देता हो। मुझे उम्मीद है कि हमारे संयुक्त प्रयास वैश्विक तापन की समस्या से निपटने और धरती की सभी प्रजातियों के लिए बेहतर जीवन को बढ़ावा देने के लिहाज से सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।''



### मंत्री उदयनिधि की याचिका पर सुनवाई टाली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की उस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें उन्होंने 'सनातन धर्म को मिटाने' संबंधी कथित टिप्पणी को लेकर अपने खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मामले में सुनवाई फरवरी, 2025 तक स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि राजनेता को निचली अदालतों के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने से छूट देने वाला अंतरिम आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा।

### 'आप' का 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान शुरू




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान शुरू किया। केजरीवाल ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पार्टी के जिला और बूथ स्तर के पदाधिकारी मतदाताओं तक पहुंचेंगे और 'आप' सरकार की ओर से दी जा रही मुफ्त सुविधाओं (रेवड़ियों) के संबंध में पर्चे बांटेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में 65,000 सभाएं करेंगे ताकि लोगों को यह समझाया जा सके कि इन मुफ्त सुविधाओं का क्या मतलब है और कैसे केवल 'आपज' ही इन्हें प्रदान कर सकती है।

### ट्रंप ने पाम बोंडी को अटॉर्नी जनरल नामित किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा की पूर्व अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को अमेरिका के अटॉर्नी जनरल पद के लिए नामित किया है। पूर्व सांसद मैट गेट्ज ने इस पद के लिए नामांकन प्रक्रिया से हटने की घोषणा की, जिसके बाद ट्रंप ने फ्लोरिडा की पूर्व अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को नामित किया। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि मुझे फ्लोरिडा की पूर्व अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को अमेरिका के अगले अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित करते हुए बेहद गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि बोंडी ने लगभग 20 सालों तक अभियोजक के रूप में काम किया।

# जालंधर में पुलिस और 'लखबीर लंडा गैंग' के बीच मुठभेड़

## दो कुख्यात गैंगस्टर अरेस्ट; दो कांस्टेबल को लगी गोली

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के जालंधर के फोलड़ीवाल गांव के बाहरी इलाके में शुक्रवार को भीषण मुठभेड़ के बाद खूंखार 'लखबीर लंडा गैंग' के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने बताया, ''दोनों पक्षों की ओर से 50 से अधिक गोलियां चलाई गईं।''

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में 'लखबीर लंडा गैंग' के दो सदस्य और दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने उनके कब्जे से सात हथियार, छह मैगजीन और इतने ही कारतूस जब्त किए हैं। यादव ने बताया कि जालंधर कमिश्नरेट क्षेत्र में लांडा गिरोह के सदस्यों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया और फोलड़ीवाल गांव के पास उनके होने का पता चला।



उन्होंने बताया कि पीछा करने के दौरान बदमाशों ने गोलियां चलाईं, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की।

गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान करतारपुर के भीखा नंगल निवासी जसकरण और फगवाड़ा के मोहल्ला थानेदारा निवासी फतेहदीप सिंह के रूप में हुई है। एक बयान में कहा गया है कि जालंधर के सदर पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि दोनों आरोपी जबरन वसूली, हत्या और हत्या के प्रयास सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि वे गिरोह के अन्य सदस्यों को रसद सहायता प्रदान करने और आपराधिक संगठनों को हथियार आपूर्ति करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों गैंगस्टर कनाडा स्थित 'लखबीर लंडा गैंग' के सीधे संपर्क में थे और अपने प्रतिद्वंद्वी गिरोह से जुड़े दो लोगों को मारने की साजिश रच रहे थे।उन्होंने बताया कि घायल बदमाश और पुलिस अधिकारियों का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके नेटवर्क एवं अन्य आपराधिक समूहों से संभावित संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### भाजपा युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष की हत्या

**कपूरथला।** पंजाब के सुल्तानपुर लोधी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा की ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष हनी कुमार की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है और हमले में हनी के दो दोस्त भी घायल हो गए। सुल्तानपुर लोधी के पुलिस उपाधीक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि हनी कुमार और उसके दो दोस्त रात में खाना खाने के बाद मोटरसाइकिल से अनाज मंडी गए थे, जहां बदमाशों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।उन्होंने बताया कि हमले में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हनी कुमार को मृत घोषित कर दिया।

# कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा बने 'आप' के प्रदेश अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा आम आदमी पार्टी पंजाब के नए प्रदेश प्रधान बन गए हैं। सीएम भगवंत मान ने एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी। सीएम ने लिखा- आज मैंने पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी अपने दो करीबी साथी कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को सौंप दी है। पार्टी ने फैसला किया है कि अमन अरोड़ा पार्टी अध्यक्ष और शैरी कलसी उपाध्यक्ष के तौर पर काम करेंगे। मुझे अपने दोनों साथियों पर पूरा विश्वास है कि वे आने वाले समय में पार्टी और संगठन को पंजाब में और मजबूत करेंगे और नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे।

**सुनाम से विधायक हैं अरोड़ा**

अमन अरोड़ा सुनाम से विधायक हैं। अरोड़ा पहली बार मार्च 2017 में पंजाब विधानसभा चुनाव का चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीते थे। वे आम आदमी पार्टी की पंजाब राज्य इकाई के सह-अध्यक्ष हैं। अमन दो बार के विधायक और पंजाब के मंत्री भगवान दास अरोड़ा के बेटे हैं। इससे पहले वे कांग्रेस के टिकट पर 2007 और 2012 में दो बार सुनाम से चुनाव लड़ चुके हैं।

**सीएम मान ने किया था प्रधान पद छोड़ने का एलान**

आप की 2.0 सरकार के लिए सीएम भगवंत मान पहले ही पार्टी के प्रधान पद से कदम पीछे खींचने का एलान कर चुके थे। दरअसल पार्टी हाईकमान पंजाब में अपनी सत्ता बरकरार रखना चाहती है, यही कारण है कि हाईकमान के मंशा को देखते हुए सीएम ने कदम पीछे खींचे थे। ताकि मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी निभाते हुए संगठनात्मक मजबूती को आगे बढ़ाया जा सके।

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने फार्मा कंपनी पर लगाया पांच करोड़ का जुर्माना

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पंजाब की एक फार्मा कंपनी पर पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साहिबजादा अजीत सिंह नगर (नवांशहर) जिले के गांव हैबतपुर स्थित नेक्टर लाइफ साइंसेज लिमिटेड के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में एनजीटी ने कंपनी पर 5 करोड़ रुपए का अंतरिम जुर्माना लगाया है।

नेक्टर लाइफ साइंसेज एक दवा कंपनी है जो एंटीबायोटिक दवा बनाती है। यह कंपनी कथित तौर पर अत्यधिक प्रदूषित रासायनिक अपशिष्ट को खेतों में बहा रही थी, जिससे फसलों और भूमि को भारी नुकसान हुआ। एनजीटी ने पंजाब स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीएसपीसीबी) की कार्यक्षमता पर भी सवाल उठाए हैं। ट्रिब्यूनल ने बोर्ड को निर्देश दिया कि वह दोषी कंपनी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करे और पर्यावरणीय मुआवजे की अंतिम राशि निर्धारित करे।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कंपनी अब तक जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) मानकों को पूरा नहीं कर पाई है और लगातार जल अधिनियम का उल्लंघन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### 'क्राइम लिटरेचर फेस्टिवल' 29 से

**देहरादून।** क्राइम लिटरेचर फेस्टिवल ऑफ इंडिया (सीएलएफआई) का दूसरा संस्करण उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 29 नवंबर से शुरू होगा जिसमें प्रकाश झा, अनुभव सिन्हा तथा अविनाश तोमर जैसी हस्तियां भी शामिल होंगी।

यहां स्थित हयात सेंट्रिक होटल में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल (साहित्य महोत्सव) का समापन एक दिसंबर को होगा। उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक और फेस्टिवल के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि अपराध रोकने का पहला कदम जागरुकता है। उन्होंने कहा,'यह मंच न केवल न्याय की जटिलताओं को उजागर करता है बल्कि उन कहानियों का भी उत्सव मनाता है जो सामाजिक बदलाव की प्रेरणा देती हैं।'

# यात्रा प्राधिकरण गठित कर आगामी यात्रा की तैयारी में अभी से जुटें अधिकारी : धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

चारधाम यात्रा-2024, के सकुशल संपन्न होने के साथ ही प्रदेश सरकार, आगामी चारधाम यात्रा की तैयारी में जुट गई है। चार धाम यात्रा को प्रदेश की आर्थिकी का आधार मानते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को यात्रा प्राधिकरण का गठन प्राथमिकता पर करने के साथ ही आगामी यात्रा तैयारियां अभी से शुरू करने को कहा है।

सीएम धामी ने कहा कि यात्रा को बढ़वा देने के साथ ही इसे व्यवस्थित करने के लिए यात्रा प्राधिकरण का गठन प्राथमिकता पर किया जाए, इसके लिए सभी



हितधारकों की राय ली जाए।

साथ ही बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट को और अधिक बेहतर बनाया जाए, ताकि यात्रा संबंधित सभी जानकारी वेबसाइट पर ही मिल जाए। मुख्यमंत्री ने आगामी चार धाम यात्रा की तैयारी समय पर पूरा करने के लिए अभी से बैठक बुलाते हुए, आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा काल में क्षतिग्रस्त मुख्य मार्गों के साथ ही आंतरिक मार्गों को भी प्राथमिकता पर ठीक किया जाए, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

**राष्ट्रीय खेलों का आयोजन महत्वपूर्ण।** मुख्यमंत्री धामी ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के लिए अलग-अलग सचिवों को दायित्व दिए जाने के साथ ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हर सप्ताह बैठक करने और कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, उत्तराखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## देश-

# लेबनान में इसराइल की एयर स्ट्राइक, 47 की मौत, 22 घायल

**एजेंसी, बेरूत**



पूर्वी लेबनान के बालबेक-हर्मेल प्रांत में इसराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में कम से कम 47 लोग मारे गए और 22 अन्य घायल हुए हैं। बालबेक-हर्मेल प्रांत के गवर्नर बशीर खोडर ने बताया कि प्रांत के विभिन्न शहरों और गांवों में हुए हवाई हमलों में कई लोग हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि बचाव दल अभी भी नष्ट हुए घरों के मलबे से लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि इसराइली सेना ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 48 हवाई हमले किए। दक्षिणी लेबनान के 18 सीमावर्ती शहरों और गांवों में लगभग 100 गोले दागे। इस बीच हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने मिसाइलों से मध्य इसराइल पर हमला किया है। पहली बार गुणवत्तापूर्ण मिसाइलों ने हजोर एयर बेस को निशाना बनाया।

### रूस ने उत्तर कोरिया को सैनिकों के बदले हवाई रक्षा मिसाइलें दीं : दक्षिण कोरिया

**सियोल।** यूक्रेन के खिलाफ रूस की जंग के समर्थन में उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक भेजे, जिसके बदले रूस ने कोरियाई देश को हवाई रक्षा मिसाइलें दी हैं। दक्षिण कोरिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन का कहना है कि उत्तर कोरिया ने अक्टूबर महीने में 10 हजार से ज्यादा सैनिकों को रूस भेजा था, जिसमें से कुछ हाल ही में लड़ाई में शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति यूं सुक-योल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिन वोनसिक ने बताया कि दक्षिण कोरिया ने पाया है कि रूस ने प्योंगयांग के हवाई रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने के लिए मिसाइलें और अन्य उपकरण मुहैया कराए हैं।

# आसियान रक्षा उद्योग व हवाई क्षेत्र में सहयोग करेंगे भारत व जापान

**एजेंसी, वियनतियाने**

**वियनतियाने,** लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। यहां जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत का पक्ष रखा। वहीं, चीन और अमेरिका समेत विभिन्न राष्ट्रों के रक्षा मंत्रियों से द्विपक्षीय मुलाकात भी की। वियनतियाने, लाओ पीडीआर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शुक्रवार को राजनाथ सिंह ने अपने जापानी समकक्ष जनरल नकातानी और फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा सचिव (रक्षा मंत्री) गिल्बर्टो टेओडोरो से मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारत एवं जापान के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात में दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी सहयोग के महत्व को दोहराया। दोनों पक्ष रक्षा विनिर्माण



क्षेत्र में सह-उत्पादन और सह-विकास में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए है। इसके अलावा भारतीय और जापानी सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। दोनों देशों के बीच आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान और विभिन्न द्विपक्षीय व बहुपक्षीय अभ्यासों में सेनाओं की भागीदारी पर इस बैठक में चर्चा हुई। भारत एवं जापान के रक्षा मंत्रियों ने हवाई क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने पर भी सहमति दी।

### महाराष्ट्र के सांगली में उर्वरक संयंत्र में गैस रिसाव होने से तीन लोगों की मौत, 9 जख्मी

**एजेंसी, सांगली/मुंबई**

**महाराष्ट्र** के सांगली जिले में एक उर्वरक संयंत्र के रिएक्टर में विस्फोट होने के बाद गैस रिसाव के कारण दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने अधिकारी ने बताया कि सांगली के कडेगांव तहसील के शालगांव एमआईडीसी स्थित म्यांमार केमिकल कंपनी में यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि उर्वरक संयंत्र के एक रिएक्टर में विस्फोट हो गया, जिससे रासायनिक धुआं निकला। संयंत्र में गैस रिसाव होने के कारण करीब 12 लोग प्रभावित हुए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो महिला कर्मचारियों और एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार सुबह धुंध छाई रही और न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में बनी रही तथा वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 373 दर्ज किया गया। दिल्ली के आनंद विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, नेहरू नगर, शादीपुर, सोनिया विहार, विवेक विहार और वजीरपुर में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया।

# वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राजनीतिक दोषारोपण नहीं, सामूहिक कदम उठाना जरूरी : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस संकट से निपटने के लिए राजनीतिक दोषारोपण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक रूप से कदम उठाना होगा। उन्होंने वायु प्रदूषण से जुड़ा एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया, जिसमें वह इस संकट के असर के बारे में बात कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उत्तर भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपातकाल है। यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है, जो हमारे बच्चों का भविष्य छीन रहा है



और बुजुर्गों का दम घोंट रहा है। यह एक पर्यावरणीय और आर्थिक आपदा है जो अनगिनत जिंदगियों को बर्बाद कर रही है। सबसे गरीब लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है, वे अपने चारों ओर फैली जहरीली हवा से बच नहीं पाते।

# 5 दिन में 31 नेताओं से मिले पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तीन देशों की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व नेताओं के साथ 31 द्विपक्षीय बैठकों और अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। इन राजनयिक बैठकों में नाइजीरिया में वहां के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 10 द्विपक्षीय बैठक तथा मोदी की गुयाना यात्रा के दौरान हुई नौ द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं।

ब्राजील में मोदी ने इस देश के नेताओं के अलावा इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली, नॉर्वे, फ्रांस, ब्रिटेन, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया के नेता प्रबोवो सुबियांटो, पुर्तगाल के लुइस मोंटेनेग्रो, ब्रिटेन के केअर स्टॉर्मर, चिली के गेब्रियल बोरिक और अर्जेंटीना के जेवियर माइली, के साथ उनकी पहली द्विपक्षीय बैठकें हुईं। मोदी ने ब्राजील में सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मिस्र, अमेरिका और स्पेन के नेताओं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और कार्यपालकों के साथ अनौपचारिक बातचीत और अलग-अलग बैठकें कीं। गुयाना में मोदी ने गुयाना, डोमिनिका, बहामास, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, बारबाडोस, एंटीगुआ और बारबुडा, ग्रेनेडा और सेंट लूसिया के नेताओं के साथ बैठकें कीं।

# सेंसेक्स में 1961 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1961 अंक (2.54 फीसदी) की तेजी के साथ 79,117 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 557 अंक (2.39 फीसदी) की तेजी रही, ये 23,907 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी मीडिया छोड़कर एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए।

आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ा। शेयर बाजार में खरीदारी से निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। शुक्रवार, 22 नवंबर को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 432 लाख करोड़ रुपए हो गया। 21 नवंबर को यह लगभग 425 लाख करोड़ रुपए था।




### सोने में लगातार पांचवें दिन तेजी

**सोने** की कीमतों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन तेजी देखी जा रही है। घरेलू बाजार में सोने की बेंचमार्क कीमतें फिलहाल 77,000 (बिना त्रस्ज्ज शामिल किए) के ऊपर चली गई हैं। एमसीएक्स पर पिछले हफ्ते 14 नवंबर को बेंचमार्क कीमतें 73,300 रुपए प्रति 10 ग्राम तक नीचे चली गई थी। इस तरह से देखें तो इस हफ्ते सोने में अब तक तकरीबन 4 हजार रुपए की रिकवरी आई है। हालांकि 30 अक्टूबर के अपने ऑल-टाइम हाई से यह अभी भी 2,500 रुपए से ज्यादा नीचे है। गोल्ड के लिए यह हफ्ता पिछले एक साल का सबसे बेहतर हफ्ता साबित हो सकता है।

### गौतम अडानी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे मोदी सरकार : खड़गे

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे। रिश्वतखोरी के एक मामले में अमेरिका में उन पर लगे आरोपों के बाद यह मांग की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर अदाणी को बचाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी संसद सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाएगी और आरोपों की जांच की मांग करेगी। अडानी ने कहा कि हम संसद में इस मुद्दे को उठाएंगे और जांच की मांग करेंगे। चूंकि वह (अदाणी) भारत में हैं, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। सरकार को सब पता है, इसलिए उसे भ्रष्टाचार के मामलों में उनके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।



# गोवा में मछली पकड़ने वाला जहाज नौसेना की पनडुब्बी से टकराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दो लापता सदस्यों की तलाश जारी**

**गोवा** तट से लगभग 70 समुद्री मील दूर 13 सदस्यीय चालक दल वाले मछली पकड़ने के एक जहाज के भारतीय नौसेना की पनडुब्बी से टकराने के बाद चालक दल के दो लापता सदस्यों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि घटना वीरवार की है। नौसेना ने बताया कि मछली पकड़ने के जहाज 'मर्थोमा' में चालक दल के 13 सदस्य थे और इनमें से 11 को तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान बचा लिया गया। नौसेना ने बचाव अभियान के लिए छह जहाज और निगरानी विमान तैनात किए हैं। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि 13 चालक दल के सदस्यों वाला मछली पकड़ने का भारतीय जहाज 'मार्थोमा' 21 नवंबर को गोवा से लगभग 70 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में भारतीय नौसेना की एक पनडुब्बी से टकरा गया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अगले साल 14 मार्च से 25 मई तक खेला जाएगा आईपीएल

**नई दिल्ली।** अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 14 मार्च से 25 मई के बीच होगा। बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों को यह बताया है और 2026 तथा 2027 सत्र के लिए भी यही विंडो रखी है। बीसीसीआई ने जेद्दा में रविवार से होने वाली दो दिवसीय नीलामी में चोटों से जूझने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, भारतीय मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर और मुंबई के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोर को भी शामिल करने का फैसला किया है। टीमों को भेजे गए पत्र में बोर्ड ने कहा कि अगले तीन सत्र की तारीखें इसलिए साझा की गई है ताकि टीमों को खिलाड़ियों की नीलामी की रणनीति बनाने में मदद मिल सके। वर्ष 2026 में टूर्नामेंट 15 मार्च से 31 मई तक और 2027 में 14 मार्च से 30 मई तक होगा। तीनों फाइनल रविवार को खेले जाएंगे। आर्चर इस साल आईपीएल नहीं खेले थे और 2023 में कोहनी की चोट के कारण बीच में से ही चले गए थे। नेत्रवलकर ने अमेरिका में टी-20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। भारत के पूर्व अंडर 19 क्रिकेटर नेत्रवलकर मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी खेल चुके हैं लेकिन कम्प्यूटर इंजीनियरिंग करने के लिए अमेरिका चले गए थे और ओरेकल में काम करते हैं। नीलामी की सूची में नेत्रवलकर की जगह भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी उन्मुक्त चंद का नाम होने से भृकुटियां तनी थी, क्योंकि उन्मुक्त टी20 विश्व कप में अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं थे।



### कूच बिहार ट्रॉफी : तिहरे शतक से चूका वीरेंद्र सहवाग का बेटा आर्यवीर

**शिलांग।** पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने हाल में ही 297 रन की पारी खेली थी। वह अपनी शानदार पारी के बाद काफी चर्चा में थे। उन्होंने कूच बिहार ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ शानदार 297 रन की पारी खेली, लेकिन तिहरे शतक से चूक गए। सहवाग ने भी उनको लेकर एक पोस्ट किया, जिसमें फैंस ने मजेदार रिएक्शन दिए। एक फैन ने लिखा कि बाप हमेशा बाप ही होता है। दरअसल, वीरेंद्र सहवाग ने एक्स पर अपने बेटे की फोटो पोस्ट की और उनके द्वारा खेला गया 297 रन का स्कोरकार्ड भी शेयर किया। सहवाग ने लिखा,'बहुत बढ़िया खेला आर्यवीर सहवाग, तुम 23 रन से फेरारी से चूक गए, लेकिन बहुत बड़िया, जोश बनाए रखो और दुआ करो कि तुम और भी कई शतक और दोहरे और तिहरे शतक लगाओ।' सहवाग ने 23 रन इसलिए कहा क्योंकि टेस्ट में उनका उच्चतम स्कोर 319 है, अगर आर्यवीर 23 रन और बना देते तो वह 320 पर पहुंच जाते और सहवाग पीछे छूट जाते।



### झूलन गोस्वामी के नाम पर होगा स्टैंड

**नई दिल्ली ।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के प्रस्ताव के बाद यहां प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स के 'बी' ब्लॉक में पूर्व भारतीय महिला तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक स्टैंड बनाया जाएगा। गोस्वामी के सम्मान में 'बी' ब्लॉक का नाम बदलने का प्रस्ताव कैब की शीर्ष संस्था के समक्ष रखा गया और अगर सब कुछ ठीक रहा तो अगले साल 22 जनवरी को भारत और इंग्लैंड टी-20 मैच के दौरान इसका अनावरण किया जाएगा।



### जैस्मीन ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी का 15वां और अंतिम चरण का खिताब जीता

**हैदराबाद।** भारतीय गोल्फर जैस्मीन शेखर ने शुक्रवार को यहां अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 15वें और आखिरी चरण का खिताब अपने नाम किया। यह जैस्मीन की इस सत्र में दूसरी ट्रॉफी है। उन्होंने टूर्नामेंट के 13वें चरण का खिताब भी जीता था। वह 2024 में एक से ज्यादा खिताब जीतने वाली चौथी खिलाड़ी भी बन गईं। जैस्मीन ने फ्रंट नाइन में सभी होल में पार का कार्ड खेला, लेकिन फिर 14वें से 17वें होल तक लगातार चार बर्डी लगाकर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे वह चार शॉट की बढ़त से खिताब जीतने में कामयाब रहीं। अमनदीप (72) कुल चार अंडर 212 के स्कोर से अकेले दूसरे स्थान पर रहीं। हिताशी बख्शी 71 का कार्ड खेलकर गौरिका बिश्नोई (70), विधात्री उर्स (70) और नयनिका सांगा (72) के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। इन सभी का कुल स्कोर तीन अंडर 213 का रहा।



### भारतीय टीम जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए ओमान रवाना

**बेंगलुरु।** सुल्तान जोहोर कप में कांस्य पदक जीतने के बाद पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली भारतीय टीम जूनियर हॉकी एशिया कप खिताब का बचाव करने के लिए शुक्रवार को मस्कट रवाना हुई। पिछले साल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीतने वाली भारतीय टीम पूल ए में अपने अभियान की शुरुआत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। टीम का अगला मुकाबला 28 नवंबर को जापान और 30 नवंबर को चीनी ताइपे से होगा। आखिरी ग्रु प चरण मैच एक दिसंबर को कोरिया से होगा।

## पर्थ टेस्ट टीम इंडिया की पहली पारी 150 रनों पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट 67 रनों पर गंवाए

# पहले दिन तेज गेंदबाजों का कहर

**41** रनों की पारी पदार्पण टेस्ट में खेली भारतीय आलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी ने

**एजेंसी, पर्थ**

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने हरी-भरी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी के अपने विवादास्पद फैसले की भरपाई करते हुए शुरूआती स्पैल में कहर बरपाती गेंदबाजी की, जिसकी मदद से बल्लेबाजों के फ्लॉप शो के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट 67 रन पर लेकर पहले टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को मैच में वापसी की

इस मैच को खराब फॉर्म में चल रहे दोनों टीमों के बल्लेबाजों के बीच मुकाबला माना जा रहा था और पहले दिन 17 विकेट गिरने से इसकी बानगी भी मिली।

विकेट पर घास होते हुए भी टॉस जीतकर जब बुमराह ने बल्लेबाजी चुनी तो सभी को हैरानी हुई क्योंकि इस विकेट से गेंदबाजों को सीम और अतिरिक्त उछाल मिला। भारत के युवा और अनुभवी बल्लेबाज मेजबान गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले नीतिश कुमार रेड्डी के 41 रन और ऋषभ पंत के 37 रन को छोड़कर भारतीय पारी में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं दे सका। भारतीय टीम 49.4 ओवर में 150 रन पर आउट हो गई।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया के पास बुमराह की बेहतरीन गेंदों का कोई जवाब नहीं था। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने दस ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने 9 ओवर में 17 रन देकर 2 और पहला मैच खेल रहे हर्षित राणा ने आठ ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया।

टेस्ट में पदार्पण कर रहे नाथन मैकस्वीनी (10) को बुमराह ने पगबाधा आउट किया। वहीं उस्मान ख्वाजा (आठ) भी बुमराह की विकेट पर पड़ती खूबसूरत गेंद का शिकार हुए। मार्नस लाबुशेन का कैच विराट कोहली ने लिया।



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ को पगबाधा आउट करने के बाद खुशी व्यक्त करते भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. मैकस्वीनी ब. स्टॉर्क | 00 | 08 | 0/0 |
| राहुल क. केरी ब. स्टॉर्क | 26 | 74 | 3/0 |
| पड्डिकल क. केरी ब. हेजलवुड | 00 | 23 | 0/0 |
| कोहली क. ख्वाजा ब. हेजलवुड | 05 | 12 | 0/0 |
| पंत क. स्मिथ ब. कमिंस | 37 | 78 | 3/1 |
| जुरेल क. लाबुशेन ब. मार्श | 11 | 20 | 2/0 |
| वॉशिंगटन क. केरी ब. मार्श | 04 | 15 | 0/0 |
| नीतिश क. ख्वाजा ब. कमिंस | 41 | 59 | 6/1 |
| हर्षित क. लाबुशेन ब. हेजलवुड | 07 | 05 | 1/0 |
| बुमराह क. केरी ब. हेजलवुड | 08 | 08 | 0/1 |
| सिराज (नाबाद) | 00 | 00 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 11 | | |
| कुल : (49.4 ओवर) | 150/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-5, 2-14, 3-32, 4-47, 5-59, 6-73, 7-121, 8-128, 9-144, 10-150.

**गेंदबाजी** : स्टॉर्क 11-3-14-2, हेजलवुड 13-5-29-4, कमिंस 15.4-2-67-2, लियोन 5-1-23-0, मार्श 5-1-12-2.

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ख्वाजा क. कोहली ब. बुमराह | 08 | 19 | 1/0 |
| मैकस्वीनी पगबाधा ब.बुमराह | 10 | 13 | 2/0 |
| लाबुशेन पगबाधा ब. सिराज | 02 | 52 | 0/0 |
| स्मिथ पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| हेड ब. हर्षित | 11 | 13 | 2/0 |
| मार्श क. राहुल ब. सिराज | 06 | 19 | 1/0 |
| केरी (नाबाद) | 19 | 28 | 3/0 |
| कमिंस क. पंत ब. बुमराह | 03 | 05 | 0/0 |
| स्टॉर्क (नाबाद) | 06 | 14 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 02 | | |
| कुल : (27 ओवर) | 67/7 | | |

**विकेट पतन** : 1-14, 2-19, 3-19, 4-31, 5-38, 6-47, 7-59.

**गेंदबाजी** : बुमराह 10-3-17-4, सिराज 9-6-17-2, हर्षित 8-1-33-1.

## दिवंगत फिलीप ह्यूज को श्रद्धांजलि देगा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, पर्थ**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व क्रिकेटर फिलीप ह्यूज की त्रासद मृत्यु की 10वीं बरसी पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है, जिसमें भारत और आस्ट्रेलिया के बीच छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले उन्हें श्रद्धांजलि देना शामिल है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया आगामी तीन शेफील्ड शील्ड मैचों के दौरान भी उन्हें श्रृद्धांजलि देगा जब खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और झंडे आधे झुके रहेंगे। आस्ट्रेलिया के लिए 26 टेस्ट खेल चुके ह्यूज अपने 26वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले 2014 में मैदान पर एक घरेलू मैच के दौरान बाउंसर लगने से इस दुनिया में नहीं रहे।



सिडनी क्रिकेट मैदान पर सीन एबोट का बाउंसर उनके सिर पर लगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली ने कहा ,''हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि ह्यूज का परिवार इसे लेकर सहज रहे और हम उनके जीवन और असाधारण उपलब्धियों का जश्न सही तरीके से मना सके।'' खेल के चौथे दिन उनकी याद में एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा ।

## बल्लेबाजी करने से पहले 'नर्वस' थे नीतिश

**एजेंसी, पर्थ**

भारत के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले नीतिश कुमार रेड्डी ने स्वीकार किया कि तेज गेंदबाजों की मददगार पर्थ की पिच पर बल्लेबाजी करने से पहले वह 'नर्वस' थे, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह से उनका हौसला बढ़ाया।

नीतिश ने बताया कि गंभीर ने उन्हें कहा था कि बाउंसर गेंदों का सामना ऐसे करो जैसे कि 'आप देश के लिए गोली खा रहे हों'



नीतिश ने 59 गेंद में 41 रन की दिलेर पारी खेल यहां के ऑप्टस स्टेडियम में टीम के स्कोर को 150 रन तक पहुंचाने में मदद की।

उन्होंने कहा, '' मैंने पर्थ विकेट (पिच) के बारे में बहुत कुछ सुना है। बल्लेबाजी से पहले मन में थोड़ी घबराहट थी। मेरे दिमाग में यह बात थी, कि हर कोई पर्थ के विकेट पर उछाल के बारे में बात कर रहा था। मुझे हालांकि हमारे आखिरी अभ्यास सत्र के बाद गौतम सर के साथ हुई बातचीत याद आ गई।''

## बैडमिंटन : सात्विक-चिराग चाइना मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, शेनजेन ( चीन )**



भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की दूसरी वरीय जोड़ी को हराकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी पिछले चरण में फाइनल में पहुंची थी।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी का सामना अंतिम-4 में 8वीं वरीयता प्राप्त जापानी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी तथा कोरिया के जिन योंग और सियो सेउंग जेई की जोड़ी के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।

शुरुआती गेम में भारतीय खिलाड़ी अच्छी लय में दिखे। ब्रेक तक वे 11-8 से आगे थे जिसके बाद उन्होंने रैलियों पर दबदबा बनाते हुए इसे 16-10 तक बढ़ा दिया। सात्विक और चिराग ने बढ़त बनाए रखी और रैलियों पर मजबूत पकड़ से शुरुआती गेम जीत लिया। दूसरा गेम काफी प्रतिस्पर्धी रहा। डेनमार्क की जोड़ी ने हावी होकर 7-5 की बढ़त बनाई। पर भारतीय जोड़ी इसमें 11-10 की बढ़त हासिल करने में सफल रही।

सात्विक-चिराग फिर 16-15 से आगे हो गये। पर प्रतिद्वंद्वी जोड़ी भी कड़ी टक्कर दे रही थी जिन्होंने स्कोर 17-16 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 19-18 की बढ़त हासिल कर मैच अपने पक्ष में कर लिया।


## लोकेश राहुल के आउट होने पर उठा विवाद

**एजेंसी, पर्थ**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल को विकेट के पीछे कैच आउट दिए जाने के फैसले से विवाद खड़ा हो गया है और दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने मैदानी अंपायर के 'नॉट आउट' के फैसले को बदलने वाले तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने राहुल के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन मेजबान टीम ने डीआरएस लिया। तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने 'स्प्लिट स्क्रीन व्यू' देखे बिना यह फैसला बदल दिया। लंच से ठीक दस मिनट पहले यह सब हुआ और भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए। राहुल ने 74 गेंद में 26 रन बनाए और यह संकेत भी दिया कि गेंद के किनारे से गुजरने के समय उनका बल्ल पैड पर लगा था।

राहुल हताशा में सिर हिलाते हुए मैदान से चले गए। कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि मैदानी अंपायर का फैसला बदलने के लिए तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने स्वीकार किया कि तीसरे अंपायर का फैसला विवादास्पद है। उन्होंने कहा ,'' यह विवादास्पद है। स्निकोमीटर पर स्पाइक था, लेकिन यह नहीं पता कि वह बल्ले से गेंद टकराने का था या बल्ले से पैड टकराने का । आप देख सकते हैं कि बल्ला पैड पर लग रहा है। मेरे दिमाग में इसे लेकर संदेह है। इस फैसले को सौ फीसदी सही नहीं ठहराया जा सकता। निराशाजनक तो यह है कि तकनीक सही फैसले लेने के लिए है।''



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा ,'' राहुल का पैड और बल्ला गेंद के गुजरने के समय साथ में नहीं है। गेंद के किनारे से गुजरने के बाद बल्ला पैड से टकराया है। स्निको ने शायद वही आवाज पकड़ी है। हमें लग रहा है कि स्निको ने बल्ले से गेंद के टकराने की आवाज पकड़ी है लेकिन शायद ऐसा नहीं है।''

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा ,'यह काफी साहसिक फैसला है चूंकि हमने देखा है कि क्या हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकेश राहुल को इसे स्वीकार करना होगा हालांकि वह खुश नहीं होगा।''

भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने ट्वीट किया ,''तीसरे अंपायर ने एक और एंगल मांगा था जो नहीं दिया गया। अगर उन्हें यकीन नहीं था तो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला क्यो बदला। तकनीक का खराब इस्तेमाल और सही प्रोटोकॉल का अनुसरण नहीं किया गया।''

## क्रिकेट हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी जैसे सितारें खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी पर रहेंगी नजरें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी जैसे सितारों की मौजूदगी और आईपीएल मेगा नीलामी के दौरान होने से शनिवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट पर सभी की नजरें रहेंगी। वैसे पांड्या को 24 और 25 नवंबर को सउदी अरब के जेद्दा में होने वाली आईपीएल नीलामी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मुंबई इंडियंस ने उन्हें टीम में बरकरार रखा है।

शीर्ष क्रिकेटरों के व्यस्त नहीं होने पर घरेलू क्रिकेट खेलने की अनिवार्यता संबंधी बीसीसीआई की नीति के तहत पांड्या बड़ौदा के लिए खेलेंगे। उनका लक्ष्य फॉर्म में बने रहना और बड़ौदा को जीत दिलाने का होगा। वहीं बंगाल के लिए खेल रहे शमी अपनी मैच फिटनेस साबित करना चाहेंगे, जिन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में सात विकेट लिये थे।







उनकी नजरें ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों के लिए टीम में जगह बनाने पर लगी होंगी। इसके साथ ही आईपीएल नीलामी पर भी फोकस होगा चूंकि 34 वर्ष के शमी को गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया था।

कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल-2024 खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर (मुंबई) और युजवेंद्र चहल (हरियाणा) भी आईपीएल फ्रेंचाइजी को और प्रभावित करना चाहेंगे।

नीलामी से ठीक पहले का असाधारण प्रदर्शन टीम प्रबंधन को अधिक प्रभावित करता है। कुछ सत्र पहले तमिलनाडु के शाहरूख खान ने कर्नाटक के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खिताबी जीत दिलाकर अपने दमा बढ़ा लिए थे।

इस बार भी कई युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहेंगे, जिनमें बंगाल के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल, कर्नाटक के अभिनव मनोहर, राजस्थान के मानव सुतार शामिल हैं।

## निशानेबाजी में जो प्रतिभा है, वह अन्य खेलों में नहीं : अभिनव बिंद्रा

**एजेंसी, गुड़गांव**

बीजिंग ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में निशानेबाजी में काफी विकास हुआ है, जिससे अब इस खेल में प्रतिभा की गहराई है। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर भारतीय निशानेबाजों की अगुआई की।

बिंद्रा ने कहा, ''निशानेबाजी के खेल में जो प्रतिभा है, वह इस देश के किसी अन्य खेल में नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय स्तर और विश्व स्तर पर बहुत से निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि पिछले एक दशक में इस खेल ने कितनी प्रगति की है।''

पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजों की उपलब्धि ने ओलंपिक में 12 साल के सूखे को भी समाप्त कर दिया, जिसमें मनु, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने तीन कांस्य पदक हासिल किए।

बिंद्रा ने कहा, ''कुछ समय के लिए ऐसा भी समय रहा, जब दो ओलंपिक में हम कोई पदक नहीं जीत पाए, लेकिन यह खेल का एक अभिन्न हिस्सा है। एथलीटों ने बहुत कुछ सीखा है, महासंघ ने बहुत कुछ सीखा है जिसके परिणामस्वरूप पेरिस में अच्छे परिणाम मिले। ''



42 वर्षीय बिंद्रा ने कहा कि भविष्य के ओलंपिक खेलों में इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने के लिए रणनीतिक योजना और बारिकियों पर ध्यान बरकरार रहेगा।

2026 राष्ट्रमंडल खेलों ने निशानेबाजी, हॉकी, क्रिकेट और कुश्ती को अपने कार्यक्रम से हटा दिया है जो ग्लास्गो में भारत की पदक संभावनाओं के लिए बड़ा झटका है।